
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-249 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

8 सितंबर 2024 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



नीरज चोपड़ा ने...

@ पेज 7

# पावर सब्सिडी आउट, पेट्रोल डीजल पर वैट में वृद्धि

### बस के किराए भी बढ़े, वित्तीय संकट का सामना कर रही पंजाब सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब की आम आदमी पार्टी (एएपी) सरकार ने कई कड़े वित्तीय फैसले लिए हैं। दरअसल सरकार वित्तीय संकट का सामना कर रही है। बिजली सब्सिडी को आंशिक रूप से वापस लेना, पेट्रोल और डीजल पर वैट में बढ़ोतरी और बस किराए में 23 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी सरकार के फैसलों शामिल है। इससे वह विपक्ष के निशाने पर भी आ गई है। सरकार अपने नए फैसलों से अतिरिक्त 2,500 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है। सभी उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली की पेशकश आम आदमी पार्टी ने अपने चुनावी वादे में की थी।

हालांकि बिजली सब्सिडी में वापसी एएपी के लिए एक विशेष रूप से कांटेदार कदम है। आप सरकार ने 2022 में सत्ता में आने के बाद पिछली कांग्रेस शासन द्वारा शुरू किए गए 7 किलोवाट लोड तक 3 रुपये प्रति यूनिट के नियम को भी जारी रखा था। सब्सिडी वापस लेने से गर्मी के महीनों में कम से कम 12 लाख और सर्दियों में 1.5 लाख उपभोक्ता प्रभावित होने की उम्मीद है। इससे राज्य के खजाने को प्रति वर्ष 1,800 करोड़ रुपये बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये का राजस्व भी बढ़ेगा।

# हरियाणा बीजेपी में 40 नेताओं के इस्तीफे से मचा हड़कंप

### बागियों से वन टू वन बातचीत,2 केंद्रीय मंत्रियों समेत सीएम-कैंडीडेट्स की ड्यूटी लगाई

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** हरियाणा में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने मची भगदड़ के बीच बीजेपी ने डैमेज कंट्रोल करना शुरू कर दिया है। सब कुछ केंद्रीय कार्यालय की तरफ से तय किया जा रहा हैं। रूठों को मनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व की तरफ से वन-टू-वन बातचीत की जा रही हैं। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सैनी और प्रदेश सहप्रभारी बिप्लब देब ने टिकट बंटने के बाद बागी तेवर अपनाने वाले 10 से ज्यादा नेताओं से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश की है। इनमें कुछ मान भी गए। कुछ ने समर्थकों के साथ मीटिंग कर निर्णय लेने की बात कही हैं। टिकट आवंटन के बाद रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, करनाल, अंबाला, हिसार, फतेहाबाद, गुरुग्राम जिले में सबसे ज्यादा बगावत हुई। करीब 40 नेताओं ने इस्तीफे दे दिए। इनमें विधायक, पूर्व मंत्री सहित कई निगम और बोर्ड के चेयरमैन तक शामिल रहे। कई नेताओं ने बीजेपी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला भी किया। इस्तीफों की झड़ी लगने के बाद सीधे हाईकमान की तरफ से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बागी हुए नेताओं से संपर्क साधा गया।




## संक्षिप्त समाचार

# शराब नीति साजिश में शामिल थे केजरीवाल

### सीबीआई ने दाखिल की फाइनल चार्जशीट,किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जांच एजेंसी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अपनी पांचवी और आखिरी चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने और उसे लागू करने की आपराधिक



साजिश में शुरू से शामिल थे। वे पहले से ही शराब नीति के प्राइवेटाइजेशन का मन बना चुके थे। चार्जशीट के मुताबिक, मार्च 2021 में जब तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में शराब नीति तैयार की जा रही थी, तब केजरीवाल ने कहा था कि पार्टी को पैसों की जरूरत है। उन्होंने अपने करीबी और एएपी के मीडिया और संचार प्रभारी विजय नायर को फंड जुटाने का काम सौंपा था।

# 20 नहीं,6 महीने में होगा टीबी का सफल इलाज

### केंद्र की मोदी सरकार ने दी उपचार योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मल्टी-ड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के इलाज के लिए एक नई व अधिक प्रभावी उपचार योजना एमडीआर को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दी गई है। एमडीआर रेजीमेन टीवी के इलाज के लिए एक नया ट्रीटमेंट है। इसके इलाज का समय सिर्फ 6 महीने है, जबकि पहले के इलाज का समय 20 महीने तक का होता था। इस नई चिकित्सा पद्धति में एक नया एंटी-टीबी ड्रग प्रेटोमैनिड शामिल है, जिसे बेडाक्विलिन और लाइनोजोलिड के साथ



(मोक्सिफ्लॉक्सासिन के साथ या बिना) मिलाया जाता है। प्रेटोमैनिड को पहले ही भारत में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन द्वारा मंजूरी और लाइसेंस दिया जा चुका है। मल्टी-ड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के इलाज के लिए जिस नई पद्धति को मंजूरी दी गई है उसमें चार दवाओं का संयोजन शामिल है। एमडीआर रेजीमेन की चार-दवाओं का संयोजन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, प्रभावी और तेजी से परिणाम देने वाला है। पारंपरिक टीबी उपचार जहां 20 महीने तक चलता था और इसके गंभीर साइड इफेक्ट्स होते थे, तो वहीं एमडीआर रेजीमेन सिर्फ6 महीने में ड्रग-रेजिस्टेंट टीबी का इलाज कर सकता है और इसकी सफलता दर भी अधिक है।

## जब तक घाटी में अशांति

# पाकिस्तान से बात नहीं

### जम्मू-कश्मीर की पहली चुनावी रैली में बोले गृहमंत्री अमित शाह,पलौरा में जनसभा

### कहा-कांग्रेस पत्थरबाजों को जेल से छुड़ाना चाहती है,ताकि घाटी में फिर आतंक फैले

**जम्मू (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के पलौरा में जनसभा की। विधानसभा चुनाव को लेकर शाह की यह पहली रैली है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर घाटी में दोबारा आतंक फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने कहा- कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन एलओसी (भारत-पाकिस्तान बार्डर) पर फिर से ट्रेंड शुरू करना चाहता है।

उसका पैसा आतंकियों के मददगार तक पहुंचेगा और इलाके में फिर से अशांति आएगी। हालांकि भाजपा सरकार के रहते ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। गृहमंत्री ने कहा- मैं आज ये कहना चाहता हूं कि जब तक जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आएगी, तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी।



कांग्रेस जेल में बंद पत्थरबाजों और आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों को छुड़ाना चाहती है, ताकि आतंक फिर से फैले। शाह ने आगे कहा- नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि हम जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे।

### पहली बार एक संविधान के तहत वोटिंग

शाह ने कहा- आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू-कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है, जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हमारे प्रिय नेता पीएम मोदी हैं। कश्मीर ने आतंकवाद से बहुत नुकसान उठाया है। कश्मीर में ऐसी सरकारें थीं जिन्होंने आतंकवाद के प्रति आंखें मूंद ली थीं। ऐसे लोग हैं जो शांति होने पर यहां आते और मुख्यमंत्री बन जाते और जब आतंकवाद होता तो वे दिल्ली जाते और कॉफी बार में कॉफी पीते। भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में आतंकवाद को 70 फीसदी कम करने का काम किया है।

## देश भर में बप्पा के आने की धूम



गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व, भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में जाना जाता है। मुंबई से लेकर दिल्ली तक गणेश उत्सव की धूम है। पुरी के समुद्र तट पर मशहूर सैंड कलाकार सुदर्शन पटनायक ने भगवान गणेश की रेत से मूर्ति बनाकर वैश्विक शांति का संदेश दिया है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

# पीएम ने सिखाया वैदिक गणित,कहा-ये मैथ नहीं, मैजिक है

### ● पीएम मोदी ने शिक्षकों से की वैदिक गणित के महत्व पर चर्चा ● पीएम ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षकों से बातचीत की। इस साल देश भर से 82 शिक्षकों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास पर इन सभी शिक्षकों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने संस्कृत की एक टीचर से बात करते हुए वैदिक गणित के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों को वैदिक गणित पढ़ाना चाहिए, दुनियाभर के कई देशों के सिलेबस में वैदिक गणित को पढ़ाया जाता है। झारखंड से आई संस्कृत शिक्षक आशारानी ने पीएम मोदी के सामने एक श्लोक सुनाया।

उन्होंने बताया कि वो कोशिश करती हैं कि छात्रों को संस्कृत भाषा के जरिए संस्कृति से जोड़ा जाए। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि आपने कभी सोचा कि जब आप संस्कृत भाषा के प्रति छात्रों को आकर्षित करती हैं, उसके द्वारा उनको ज्ञान के भंडार की ओर ले जाता है। संस्कृत की शिक्षक के नाते क्या कभी इन बच्चों वैदिक गणित से संबधित



चीजें बताई हैं या टीचर्स के साथ इस पर चर्चा की है। पीएम ने वैदिक गणित के महत्व को बतायाप्रधानमंत्री ने वैदिक गणित के महत्व को बताते हुए कहा कि आप छात्रों तक इसे पहुंचाने की कोशिश कीजिए।

ऑनलाइन वैदिक गणित की क्लासेस भी चलते हैं। यूके में कई जगह सिलेबस में वैदिक मेथमैटिक है। जिन बच्चों को मेथ्स में रुचि नहीं है, अगर वो थोड़ा भी इसे देखेंगे उनको लगेगा ये तो मैजिक है। एक दम से उनका मन इसे सीखने में लग जाता है।

# वक्फ बिल को लेकर थम नहीं रहा 'संग्राम'

### ● जेपीसी की मीटिंग में गरमागरमी,एएसआई की रिपोर्ट पर भड़के विपक्षी सांसद ● एएसआई ने कहा-20 स्मारकों पर अलग-अलग स्टेट वक्फ बोर्डों का है दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** वक्फ संशोधन विधेयक पर शुक्रवार को जॉइंट पार्लियामेंटरी कमिटी (जेपीसी) की मीटिंग के दौरान काफी गरमागरमी का माहौल देखने को मिला। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने दावा किया कि उसके संरक्षण में 120 से ज्यादा स्मारकों पर अलग-अलग राज्यों के वक्फ बोर्ड अपना दावा जता रहे हैं। इनमें से कुछ स्मारकों को तो एएसआई आजादी से पहले ही संरक्षित घोषित कर चुका है। एएसआई के इस बयान के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सूत्रों के हवाले से बताया है कि मीटिंग के पहले सत्र में कुछ विपक्षी और बीजेपी सदस्यों के बीच कहासुनी हो गई। एएसआई को दोनों पक्षों के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। विपक्षी सदस्यों ने संस्कृति मंत्रालय पर गुमराह करने का आरोप लगाया।




# चीन जल्द बन सकता है दुनिया में नई महामारी की वजह

### वैज्ञानिकों को फर फार्म में मिले 125 वायरस,बड़ा है खतरा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में फर उद्योग से जुड़े फार्मों के अध्ययन के दौरान हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों ने इन फार्मों में 125 वायरस की पहचान की है। साथ ही चेतावनी दी है कि चीन के ये फर फार्म वैश्विक महामारी का केंद्र बन सकते हैं।

प्रतिष्ठित नेचर जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्होंने चीन के फर फार्मों में मरने वाले 461 जानवरों का अध्ययन किया था। इन जानवरों में वैज्ञानिकों को 125 वायरस मिले। उन्होंने कहा कि इन वायरसों में से 36 नए वायरस थे। 39 वायरस ऐसे थे जो मनुष्यों को संक्रमित रखने का उच्च जोखिम रखते थे। चीन दुनिया का सबसे बड़ा फर उत्पादक है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा जिरीबाम में 5 लोगों की मौत

### सोते हुए व्यक्ति को गोली मारने के बाद जमकर बवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को फिर हिंसा हुई। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने समाचार एजेंसी को बताया, एक व्यक्ति की नींद में गोली मारकर हत्या करने के बाद, दो विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी में चार अन्य लोग मारे गए। पुलिस के मुताबिक जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर एक सुनसान जगह पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में उग्रवादी घुसे और उसे सोते समय गोली मार दी। हत्या के बाद जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर पहाड़ियों में विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन पहाड़ी उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। यह घटना बिष्णुपुर जिले में एक व्यक्ति की मौत और पांच अन्य के घायल होने के एक दिन बाद हुई है, जब संदिग्ध उग्रवादियों ने गांवों पर रॉकेट दागे थे। शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में तड़के सुबह करीब 4.30 बजे रॉकेट दागे गए, जिससे वहां दो इमारतें नष्ट हो गई थीं।



# हिमाचल में विवादित मस्जिद पर नहीं आया फैसला

### जेई को स्टेट्स-रिपोर्ट देने के आदेश, लोकल-रेजीडेंट ने पार्टी बनने को दी एप्लिकेशन

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद मामले में शनिवार को नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री के कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने संबंधित कनिष्ठ अभियंता को फटकार लगाते हुए फ्रेश स्टेट्स रिपोर्ट फाइल करने के आदेश दिए। अब यह मामला 5 अक्टूबर को सुना जाएगा। वक्फ बोर्ड द्वारा अदालत में दायर जवाब में दावा किया गया मस्जिद पुरानी है और वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनी है। लोकल रेजीडेंट (हिंदू संगठन) के एडवोकेट जगत पाल ने दावा किया कि जिस जमीन पर मस्जिद बनी है, वह सरकारी है। वक्फ बोर्ड ने अतिक्रमण कर रखा है।



उन्होंने बताया कि 14 साल से इस केस में कोई अफेक्टिव कार्यवाही नहीं हुई, क्योंकि इससे पहले गलत आदमी के खिलाफ केस चल रहा था। बीच में लगभग साढ़े 13 साल बाद वक्फ बोर्ड की एंट्री होती है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू रिकॉर्ड में मालिक सरकार है। वक्फ बोर्ड ने जमीन का मालिक होने का दावा जरूर किया, लेकिन अदालत में ऐसा कोई रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर पाए।

# आरजी कर अस्पताल को लेकर आ गया फिर से नया विवाद

### ● 3 घंटे तक बहता रहा खून, इलाज नहीं मिलने से लड़के की मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में अब 28 वर्षीय बिक्रम भट्टाचार्जी नाम के शख्स की मौत पर हंगामा खड़ा हो गया है। ट्रक की चपेट में आने के बाद शुक्रवार को उसे कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लेकर जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग को ज्वाइंट प्लेटफार्म ऑफ डॉक्टर्स के आंदोलन के चलते कोलकाता के सभी 5 मेडिकल कॉलेजों में हेल्प डेस्क बंद करने पड़े था, जिसके एक दिन बाद की यह घटना है।

## मुख्यमंत्री 8 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 सितंबर को पूज्य पिताजी स्व. पूनमचंद जी यादव के देवलोकगमन पर शोक व्यक्त करने आने वाले आगंतुकों से गीता कॉलोनी, उज्जैन स्थित निवास पर मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय कार्यों के निर्वहन के लिए प्रात: भोपाल पहुंचकर मंत्रालय में तीन विभागों क्रमश: वाणिज्यिक कर, खनिज साधन तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग की समीक्षा की। इसके बाद वे पुन: उज्जैन लौट गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, पूज्य पिताजी के देवलोकगमन के पश्चात भेंट करने आए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के लिए समय निकालते हुए दूरभाष से अधिकारियों और बैठकों से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में हुई विभिन्न घटनाओं के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर आम नागरिकों की राहत के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादवशिक्षक दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधव नगर उज्जैन के शिक्षक सम्मान समारोह में सहभागिता करते हुए भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से भी वर्चुअली जुड़े। उन्होंने भोपाल में अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को भी उज्जैन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

## मुख्यमंत्री ने टॉप अचीवर कैटेगरी इन सिटीजन सर्विसेज में केन्द्र सरकार द्वारा सम्मान मिलने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा बिजनेस रिफार्म्स एक्शन प्लान-2022 के सफल क्रियान्वयन के लिये मध्यप्रदेश को टॉप अचीवर कैटेगरी इन सिटीजन सर्विसेज में केन्द्र सरकार द्वारा सम्मानित करने पर औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र सिंह को यह सम्मान प्रदान किया। मध्यप्रदेश द्वारा उद्योगों एवं नागरिक सुविधाओं के लिये किए गए नवाचारों एवं प्रोसेस सिंपलीफिकेशन को केन्द्र सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा सराहा गया है।

## किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के पदों के साक्षात्कार 9 सितंबर से प्रारंभ

**भोपाल।** जिला स्तरीय किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पदों के लिए पात्र अभ्यार्थियों के साक्षात्कार 9 सितंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे हैं। साक्षात्कार के दिन समस्त सुसंगत दस्तावेजों का सत्यापन संचालनालय में ही किया जायेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को अगाह किया है कि यदि अनाधिकृत व्यक्ति, कार्यालय/संस्था द्वारा संपर्क किया जाता है तो किसी प्रकार की प्रतिक्रिया ना दे एवं उन्हें किसी भी प्रकार के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए। पात्र अभ्यार्थयों को साक्षात्कार के लिए सूचना पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से ही प्रदाय किए जा रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने दी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। श्री देवड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ईश्वर की कृपा प्रदेशवासियों के जीवन को आलोकित करती रहे और भगवान गणेश का आशीर्वाद सदैव बना रहे। हमारा प्रदेश विकास के पथ पर सदैव अग्रसर रहे। भगवान गणेश प्रसन्नता, बुद्धि, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें, ऐसी मैं भगवान गणेश जी से प्रार्थना करता हूं। श्री देवड़ा ने कहा कि ईको फ्रेंडली अथवा मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा को अपने घरों अथवा झांकियों में स्थापित करें। जिससे हम हमारे प्रदेश के वातावरण और पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकेंगे। श्री देवड़ा ने प्रदेशवासियों को प्रथम पूज्य गणेश जी के उत्सव गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

## पैरालम्पिक 2024 पेरिस (फ्रांस)

भोपाल। म.प्र. राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी प्राची यादव और पूजा ओझा पैरालम्पिक गेम्स 2024 के सेमीफायनल मुकाबले में पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि यह प्राची का दूसरा पैरा ओलम्पिक है। इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक 2020 में प्राची ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। आज व्ही.एल.-02 200 मी वूमेंस 200 एम-व्हीएल-2 हीट-1 इवेन्ट में प्राची यादव हीट में 01:06:83 सेकेण्ड समय लेकर क्वालिफाय कर सेमीफानल में प्रवेश किया। वही अकादमी की ही खिलाड़ी पूजा ओझा केएल.-01 200 मी वूमेंस 200 एम-केएल-1 हीट-2 इवेन्ट के हीट मुकाबले में 1:16:09 का समय लेकर सेमीफानल में प्रवेश कर लिया है।

प्रतियोगिता के सेमीफायनल मुकाबले कल खेले जायेंगें। दोनों ही खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बेहतर प्रदर्शन करने लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# रहवासियों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करायें-राज्य मंत्री गौर

भोपाल। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने पटेल नगर क्षेत्र के कॉलोनाइजर्स को पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज आदि मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पटेल नगर के कॉलोनाइजर्स से कहा कि रहवासियों को पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिये कॉलोनी में मौजूद ट्यूबवेल को क्रियाशील बनायें।

अगले दो दिन में 2 ट्यूबवेल शुरू करें और बाकी के ट्यूबवेल को अगले दो माह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि वे पटेल नगर का सर्वे कर कॉलोनी में किये जाने वाले कार्यों की सूची बनायें। कार्यों का आकलन कर डिमांड प्रस्तुत करें। कॉलोनाइजर्स द्वारा विकास के लिये आवश्यक राशि नहीं देने पर बंधक प्लाट्स को नीलाम कर विकास कराना सुनिश्चित किया जाये। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्रभातम हाइट्स पटेल नगर के रहवासियों के लिये कॉलोनाइजर को लिफ्ट लगाने और पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। रघुनाथ नगर, शाहपुरा थाना चौराहा के पास कॉलोनी के रास्ते के विवाद को लेकर राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने तहसीलदार से कहा कि वह रास्ते का मौका-मुआयना कर समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम श्री एल.के. खरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कॉलोनियों के रहवासी मौजूद थे।



## खेल अकादमी के शूटिंग खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल ने जीता कांस्य पदक

भोपाल। 29 अगस्त से 08 सितम्बर 2024 तक दूसरी वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन हानॉवर (जर्मनी) में किया जा रहा है। खेल अकादमी के खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल ने 25मी. रेपिड फायर पिस्टल मेन व्यक्तिगत इवेन्ट में कांस्य पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में चेतन का यह दूसरा पदक है। विस्तृत परिणाम:-हानॉवर (जर्मनी) में आयोजित इस दूसरी वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 में 25मी. रेपिड फायर पिस्टल मेन व्यक्तिगत इवेन्ट मे 539- 10 एक्स अंको के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। यूक्रेन के खिलाड़ियों ने स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किया। खेल अकादमी के खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।




उन्होंने चेतन की इस उपलब्धि को सराहा है। चेतन पहली बार म.प्र. का प्रतिनिधित्व वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 जर्मनी में कर रहे थे। यहां यह उल्लेखनीय है कि चेतन हेमंत सप्कल इसी वर्ष खेल अकादमी से जुड़े थे। प्रतिभा चयन कार्यक्रम के माध्यम से चेतन का चयन अकादमी में हुआ था। मुख्य प्रशिक्षक पी.एन. प्रकाश और सहा.प्रशिक्षक जयवर्धन के मार्गदर्शन में चेतन राज्य खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत् है।

## म.प्र. पुलिस प्रशिक्षण में साइन लैंग्वेज शामिल करने वाला देश का पहला राज्य

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशिक्षण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रावधानों के तहत साइन लैंग्वेज को शामिल किया है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी विपत्ति में फंसे दिव्यांगजनों की बात को आसानी से समझ सकें और उनके साथ संवेदनशीलता से व्यवहार कर सकें। मध्यप्रदेश दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में यह कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य है। इस प्रशिक्षण व्यवस्था को लागू करने में आयुक्त निःशक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनके द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपने न्यायालय से इस आशय के निर्णय दिये गये थे कि इस मानवीय और संवेदनशील विषय पर सारगर्भित पहल की जाये। प्राय: यह देखा जाता है कि कभी-कभी विपत्ति में फंसे ऐसे दिव्यांगजन जो बोल और सुन नही पाते है, अपनी बात पुलिस और प्रशासन के अधिकारी को समझा नहीं पाते हैं या अधिकारी/कर्मचारियों को साइन और ब्रेल लैंग्वेज का ज्ञान न होने के कारण उनकी बात समझा नहीं पाते है, परिणाम स्वरूप दिव्यांगजन अनेक बार गंभीर संकट में फँस जाते हैं। दिव्यांगजनों के साथ पुलिसकर्मियों का व्यवहार अक्सर उनके लिए संचार की चुनौतियों से भरा होता है।

इस नई पहल से पुलिसकर्मियों को साइन लैंग्वेज के बुनियादी ज्ञान और कौशल से लैस किया जाएगा, जिससे वे बेहतर संवाद कर सकें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। पुलिस प्रशिक्षण में इस पहल के समावेश से पुलिसकर्मियों की संवेदनशीलता भी बढ़ेगी और दिव्यांगजनों के प्रति एक समावेशी और समझदार माहौल बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इस पहल से दिव्यांगजनों के अधिकारों का सम्मान होगा और उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की अवहेलना को रोका जा सकेगा।

## राजधानी में 16 अवैध घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त, कार्रवाई जारी रहेगी

भोपाल। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत द्वारा दिए गए निर्देश पर विभागीय अफसरों द्वारा अवैध गैस रिफलिंग को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसी तारतम्य में खाद्य विभाग भोपाल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी के अशोका गार्डन में स्थित ऋषि इंटरप्राइजेज पर दबिश देकर 16 अवैध घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर लिये हैं। इनमें से 8 सिलेण्डर भरे हुए थे। इसके अलावा 19 किलो का एक कॉमर्शियल सिलेण्डर साथ ही 5 किलो अमानक स्तर के 28 खाली, 8 किलो अमानक स्तर के 6 खाली, एक आंशिक भरा गैस सिलेण्डर भी बरामद किये गये हैं। खाद्य विभाग की टीम जब ऋषि इंटरप्राइजेज पहुंची तो वहां अवैध गैस रिफलिंग का सामान भी बरामद हुआ। खाद्य विभाग की टीम ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को कलेक्टर भोपाल के न्यायालय में भेज दिया। जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि खाद्य विभाग को ऋषि इंटरप्राइजेज द्वारा अवैध गैस रिफलिंग की लगातार शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद विभाग ने यह कार्रवाई की है। गौरतलब है कि ऋषि इंटरप्राइजेज पर खाद्य विभाग द्वारा पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है और 100 से ज्यादा सिलेण्डर जब्त किये जा चुके हैं।




गौरतलब है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने गत दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में अफसरों को सख्त निर्देश दिये थे कि जिलों में अवैध ढंग से घरेलू गैस की रिफलिंग करने का धंधा चलाने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाये तथा लगातार विभाग की ओर से ऐसे दुकानों के खिलाफ छापामार कार्रवाई जारी रखी जाए।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने व्यापारियों से कहा है कि थोड़े से मुनाफे के लालच में अवैध गैस रिफलिंग का कार्य कर स्वयं और लोगों की जान खतरे में नहीं डाले। अवैध गैस रिफलिंग के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो जाता है। इससे लोगों की जान का खतरा बना रहता है। श्री राजपूत ने कहा कि विभागीय अमले द्वारा अवैध गैस रिफलिंग के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के साथ ही नागरिकों को भी सर्तकता बरतते हुये अवैध रिफलिंग कराने से बचने की जरूरत है।

## गैस पीड़ित एक हजार महिलाओं को सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण देकर बनाया जायेगा आत्म-निर्भर

भोपाल। भोपाल गैस पीड़ितों एवं उनके परिजनों के कल्याण एवं आर्थिक पुनर्वास के लिये राज्य सरकार नये कदम उठा रही है। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की पहल पर अब भोपाल गैस पीड़ितों एवं उनके परिवारों के आर्थिक पुनर्वास के लिये ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। विभागीय मंत्री डॉ. शाह के निर्देशानुसार भोपाल गैस पीड़ितों व उनके आश्रितों को स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में गैस राहत विभाग द्वारा एक कारगर प्रस्ताव तैयार किया गया है। जनजातीय कार्य विभाग के अधीन मध्यप्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद् (मेपसेट) के माध्यम से गैस पीड़ितों को स्व-रोजगार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिये चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर मंजूरी के लिये राज्य शासन को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव के अनुसार भोपाल गैस पीड़ित एक हजार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये इन्हें सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे वे आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बन सकेंगी। इन महिलाओं को चार साल में चार चरणों में यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर साल 250 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर इनके आर्थिक स्वावलंबन की राह प्रशस्त की जायेगी। महिला हितग्राहियों का चयन %पहले आओ-पहले पाओ% के आधार पर किया जायेगा। गैस पीड़ित महिलाओं को सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण गैस राहत विभाग द्वारा चयनित 2 प्रशिक्षण केन्द्रों में दिया जायेगा।

# हॉकफोर्स को मिली एक और बड़ी सफलता

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस नक्सल उन्मूलन को कटिबद्ध है। इसी तारतम्य में हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले के परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल में गुरूवार को एक हार्डकोर महिला नक्सली साजंती पति गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्?त की है। गिरफ्तार महिला हार्डकोर नक्सली साजंती केबी डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की सदस्य है। यह महिला नक्सली 2011 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी तथा 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। इस महिला माओवादी से पिस्टल मय मैगजीन व अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। महिला नक्सली साजंती पति गणेश उम्र लगभग 32 वर्ष महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले की तहसील एटापल्ली के ग्राम नैनगुडा, चौकी कासनपुर थाना कोटमी की निवासी है। हॉकफोर्स को दिनांक 05 सितंबर को बालाघाट के थाना बैहर क्षेत्रान्तर्गत परसाटोला चिचरंगपुर जंगल क्षेत्र में केबी डिवीजन के नक्सिलयों के होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा इस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को दो संदिग्ध दिखाई दिए। जिन्हें घेराबंदी कर केबी डिवीजन की एक हार्डकोर महिला माओवादी को पकड़ा गया तथा एक अन्य सदस्य मौके से भाग गया। इस महिला माओवादी से एक पिस्टल मय मैगजीन व अन्य सामान बरामद हुए। सर्चिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी उक्त महिला माओवादी को लेकर वापस आ रही थी, उसी दौरान इस क्षेत्र में केबी डिवीजन के अन्य माओवादी सदस्यों ने पुलिस पार्टी पर अपने साथी सदस्य को छुड़ाने के उद्देश्य से लगभग 30-40 फायर किए । आत्मरक्षा करते हुए हॉकफोर्स के जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। भागे हुए नक्सलियों की धरपकड़ हेतु सीआरपीएफ कोबरा और हॉक फोर्स की टीमों के द्वारा इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार नक्सली साजंती वर्ष 2011 में नक्सल संगठन में शामिल होकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की कई घटनाओं में शामिल रही है। वर्ष 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। मध्यप्रदेश में इसके विरुद्ध 06 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। अन्य राज्यों में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की जा रही है । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश एवं प्रोत्साहन के परिणाम स्वरूप 14 दिसंबर 2023 को 14 लाख का ईनामी हार्ड कोर नक्सली मड़काम हिड्मा उर्फ चैतु (लगभग 32-33 वर्ष) निवासी ग्राम पोमरा, थाना मिरतुर, जिला बीजापुर (छत्तीगढ़) को मार गिराया गया था। अभियान में सम्मिलित 24 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान किया गया। 01 अप्रैल 2024 को नक्सल विरोधी अभियान के तहत दो ईनामी हार्ड कोर नक्सलियों को ढ़ेर करने वाले 25 पुलिसकर्मियों को भी आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान गया है। पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और साहसिक कार्यवाहियों को प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निरंतर इस तरह का प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा एक अप्रैल की मुठभेड़ में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्राप्त पुलिसकर्मियों को रैंक लगाने मुख्यमंत्री स्वयं बालाघाट गए थे।

# सड़कों को गड्ढा-मुक्त करने चलेगा विशेष अभियान-मंत्री श्री सिंह

भोपाल। मध्यप्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में, विभाग द्वारा 7 से 22 अगस्त तक एक वृहद् पेंचवर्क अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत सभी विभागीय इंजीनियरों को जिम्मेदारी सौंपी गई और प्रदेशभर में लोक निर्माण विभाग की सड़कों की स्थिति का निरीक्षण किया गया एवं मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूरा कराया गया। अभियान के बाद विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मरम्मत कार्य की गई सड़कों का आवंटन किया गया और निरीक्षण के उपरांत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। खास बात यह रही कि मरम्मत के बाद किसी संभाग की सड़कों का निरीक्षण कराने के लिए दूसरे संभाग के अधिकारियों को भेजा गया। यह पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किया गया ताकि मरम्मत कार्यों की निगरानी बेहतर ढंग से की जा सके। निरीक्षण उपरांत विभाग के कार्यपालन यंत्रियों ने उनसे संबंधित सड़कों को गड्ढा-मुक्त किये जाने प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए। अब इस कार्य की सफलता की जांच के लिए 9 से 15 सितंबर के बीच एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग श्री के.सी. गुप्ता ने आदेश जारी किये है। इस अभियान के अंतर्गत अधीक्षण यंत्री और संभागीय प्रबंधकों की टीम विभिन्न मण्डलों में जाकर पेंचवर्क कार्य का औचक निरीक्षण करेगी और सड़कों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करेगी एवं दिये गये प्रमाण-पत्रों की सत्यता की जांच की जाएगी और 18 सितंबर तक प्रतिवेदन शासन को सौंपा जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और प्रदेश की सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाना है, जिससे आम जनता को सुगम यातायात की सुविधा प्राप्त हो सके। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने लोकपथ ऐप पर प्राप्त शिकायतों की विशेष मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जाए

और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सीधी के 15 वूशु खिलाड़ी सिवनी रवाना

## 25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जिले के खिलाड़ी; पुलिस लाईन में लिया प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के 15 वूशु खिलाड़ी शनिवार को सिवनी में होने वाली 25वीं राज्य स्तरीय वूशु चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए। सिवनी जिले में 7-8 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में सीधी के 15 खिलाड़ी सब जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे।

जिले के वूशु खिलाड़ी वैष्णवी त्रिपाठी, अनिशा यादव 56 केजी, अवनी मिश्र 20 केजी, आलसीला केवट 42 केजी, ईक्षा तिवारी 65 केजी, आयुष कुमार वर्मा 56 केजी, आशुतोष केवट 24 केजी, सूर्यांश सिंह चौहान 32 केजी, अनुज तिवारी 38 केजी, पियूष प्रताप सिंह 48 केजी, पवन यादव 80 केजी, बाल कुमार लीनिया 60 केजी, जगमोहन कुशवाहा 52 केजी, अंकित सेन 48 केजी, काजू सोधिया ताऊलू में टीम मैनेजर गुंजन मिश्रा शामिल है। इन सभी खिलाड़ियों ने वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी में कोच शेर अली खान से वूशु का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चुना जाएगा। चयनित सीनियर खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा देहरादून में भाग लेंगे। मध्य प्रदेश से सभी वर्गों के कुल 52 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। सब जूनियर राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन दिसंबर में उड़ीसा में प्रस्तावित है।

## खेत पर पानी जाने को लेकर विवाद, एक ही परिवार लोग आपस में भिड़े



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में दो परिवारों के बीच मारपीट का वीडियो शनिवार से सोशल मीडिया पर वायरल है। मारपीट की वजह खेत में पानी चले जाने को लेकर हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

विवाद गुरुवार दोपहर को हुआ था। पूरा मामला चुरवाही गांव का है। शुक्रवार को दोनों पक्ष बधौरा चौकी शिकायत का आवेदन लेकर पहुंचे थे। आज पुलिस ने मौके पर जाकर वस्तु स्थिति देखी है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार लोग मिलकर बुजुर्ग बुद्धिराम राम यादव और उसकी पत्नी रुक्मनिया यादव के साथ मारपीट कर रहे हैं। मारपीट का आरोप राजबली यादव, सुनील यादव, संतोष यादव और बुधराज यादव पर लगा है।

विवाद की मुख्य वजह घर के पास से खेत तक नाली से पानी जाना बताया जा रहा है। विवाद करने वाले दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं। एक-दूसरे पर आरोप है कि पानी राजबली यादव अपने खेत पर जाने के लिए पानी नालियों से छोड़ते हैं। लेकिन बीच में बुद्धराम यादव पानी अपने खेत पर मोड़ देते हैं। जिसकी वजह से पूरा विवाद हुआ है।

बधौरा चौकी प्रभारी स्‍द्व बंसल ने बताया कि मैंने आज मौके का निरीक्षण किया है। दोनों पक्षों को समझाइश भी दी है और सोमवार को चौकी पर बुलाकर तहसीलदार के सामने उनके रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। जो भी वैधानिक कार्रवाई बनेगी वह की जाएगी।

## त्यौहारों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।**मैहर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को लेकर जिले की तीनो तहसील से सभी धर्म गुरु एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, कलेक्टर रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एएसपी मुकेश वैश्य, एसडीएम विकास सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धर्मेश घई सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 7 सितंबर से 31 अक्टूबर 2024 तक परम्परागत गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, ईद मिलाद-उन-नबी, विश्वकर्मा जयंती, अनन्त चतुर्दशी, पर्युषण पर्व (जैन समाज) गांधी जयंती, पितृमोक्ष अमावस्या, महानवमी दशहरा, दीपावली पर्व मनाने के लिये की जाने वाली व्यवस्थायें व्यवस्थित रखने एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिये सुझाव दिये गये।

कलेक्टर ने गणेश उत्सव पण्डाल स्थर पर श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की अधिक भीड़ एकत्र न हो, इसकी व्यवस्था आयोजकों को सुनिश्चित करनी होगी। 16 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकाला जायेगा। इस कार्यक्र म में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर जामा मस्जिद से चिकान मस्जिद, अलाउद्दीन चौराहा, घण्टाघर, पुरानी गल्ला मण्डी होते हुये कटरा मस्जिद, स्टेट बैंक चौराहा घण्टाघर होते हुये पूर्व दरवाजा से ईदगाह मैदान पहुंचेगा। सायं 6 बजे कार्यक्र म समाप्त होगा। इसी प्रकार तहसील अमरपाटन में ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकाला जायेगा। यह कार्यक्र म प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक बाइक रैली एवं जुलूस दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे कार्यक्र म का समापन होगा। मूर्ति विसर्जन संबंधित आयोजन समिति द्वारा किया जावेगा। मूर्ति का विसर्जन स्थानीय प्रशासन के द्वारा चिन्हित स्थल पर ले जाने के लिये अधिकतम 6 व्यक्तियों के समूह की अनुमति होगी। इससे अधिक व्यक्तियों के समूह में ले जाने के लिये आयोजकों को पृथक से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। लाउड स्पीकर बजाने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। गणेश उत्सव समिति एवं ईदमिलाद-उन-नबी पर्व के आयोजकों से अपेक्षा की गई है कि वे उत्सव के दौरान प्रकाश व्यवस्था के विद्युत उपकरणों का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करें। ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके एवं गणेश उत्सव पण्डालों में मिट्टी की मूर्तियाँ ही स्थापित करें। जुलूस मार्गों एवं विसर्जन स्थलों पर साफ सफाई, सुगम मार्ग, प्रकाश एवं विद्युत की सम्पूर्ण व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री, म.प्र.वि.वि.कं.लि. मैहर की होगी। मैहर जिले की सीमाओं पर पुलिस बल तैनात किया जाये जिससे बाहरी व्यक्तियों का उत्सव/त्यौहार पर नियंत्रण रखा जा सके एवं किसी अवांछित गतिविधि से बचा जा सके।

## सिंगरौली के एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी की धूम

### 10 दिनों में आयोजित होंगी बहुत सारी रोचक प्रत्योगिताएं



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में स्थित एनटीपीसी विंध्याचल के मंदिर प्रांगण में परियोजना की पूजा समिति ने गणेश चतुर्थी के पहले दिन धूमधाम से गणेशजी की स्थापना की। इस अवसर पर पंडाल को भव्य रूप से सजाया गया। स्थापना के बाद सभी ने आरती में मिलजुल कर हिस्सा लिया। इस वर्ष गणेशोत्सव के अवसर पर शनिवार से 16 सितंबर तक विभिन्न प्रत्योगिताएं जैसे फेंसी ड्रेस, नृत्य, रंगोली, शंखनाद, चित्रकला, लड्डू खाना , पूजा की थाली सजावट, गीत-गायन , प्रश्नोत्री आदि का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गणेश पूजा समिति का गठन किया गया है, जिसमें डी के अग्रवाल (अध्यक्ष), संदीप कोहली (उपाध्यक्ष) पंकज पांडेय, विशाल गोयल (कोषाध्यक्ष), तनुज कुमार (सचिव) और वेद प्रकाश (सयुंक्त सचिव) के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर विंध्याचल के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, महाप्रबंधक समीर शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा और सभी महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

### शादी का झांसा देकर किया शोषण



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की बैढ़न थाना पुलिस ने शनिवार शाम शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक बीते 4 महीने से अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म कर रहा था। युवती इस बीच 4 माह से गर्भवती हो गई और उसने आरोपी आकाश शाह को उससे शादी करने के लिए कहा।

लेकिन आरोपी आकाश शाह ने युवती से शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित युवती ने खुटार चौकी में पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर मामला कायम किया और टीम बनाकर 24 घंटे के भीतर आरोपी आकाश शाह को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को पकड़ने के लिए उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक गणेश मीणा राय सिंह और विक्रम प्रताप सिंह उमेश अहिरवार शामिल रहे।

## ड्रेस कोड को लेकर कन्या महाविद्यालय में मांगें गए सुझाव



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में ड्रेस कोड नीति को लेकर बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करें रहें महाविद्यालय के प्राचार्य ओ पी नामदेव ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालयों में ड्रेस कोड निर्धारण की नीति लाना चाहता है जिसके लिए प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं छात्रों से सुझाव मांगें गए हैं। जिसके तहत यह बैठक अयोजित की गई है।

बैठक में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र सलाहकार समिति के सदस्य कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालयों में अगर ड्रेस कोड लागू होता है तो विद्यार्थी को वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए, नागरिक ऋषभ मिश्रा चंदन ने कहा कि यदि कोई वैवाहिक छात्रा साड़ी पहन कर आना चाहती है तो उसे ड्रेस कोड के लिए बाध्य न किया जाए लेकिन सभी छात्रों को आई डी कार्ड अनिवार्य किया जाए। इनके अलावा महाविद्याल की छात्रा सुमन सिंह एवं अंजली गुप्ता ने कहा कि ड्रेस कोड में जूता व ठंड के दिनों में ब्लेजर को भी शामिल किया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनुशासन अधिकारी प्रो. प्रशांत कुमार चौरसिया, डॉ.देवेन्द्र कुमार सोनी प्रभारी जनभागीदारी, डॉ. प्रतिमा कौल सदस्य जनभागीदारी, प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार शाह प्राध्यापक प्रतिनिधि, अजय कुमार क्रीड़ा अधिकारी एवं डॉ. दिलीप कुमार सोनी सदस्य वित्त समिति उपस्थित रहें।

## जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते प्रतिबंधित दवाईयों की जिले में धड़ल्ले से हो रही बिक्री



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यह नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर रोक लगाने की दृष्टि से जिले सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। वहीं सीधी के लिये यह कार्यक्रम महज दिखावे तक सीमित हो कर रह गया है। जिला प्रशासन द्वारा बंद कमरो में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है वहीं शैक्षणिक संस्थानो के बगल में संचालित पान की दुकाने एवं नशा विक्रेता वर्षो से डेरा जमाये हुए हैं। जहॉ युवक खुले में नशा सामग्री का सेवन कर रहे हैं।

जानकारों के माने तो स्कूल परिसर के 100 मीटर दायरे में कोई भी तंबाकू.सिगरेट विर ेता, पानठेला या शराब की दुकान नहीं होना चाहिए, लेकिन जिले में धड़ल्ले से स्कूलों के सामने इसकी बिक्री हो रही है। जिससे स्कूली विद्यार्थियों में नशे की लत बढ़ने के मामले सामने आए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन को अभियान स्तर पर इन्हे हटाने की पहल को गति देना चहिए। इसके अलावा विद्यालय पहुॅच मार्ग एवं इर्द गिर्द लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण की ओर भी राजस्व विभाग को उचित विधिक कार्रवाई को गति देने की आवश्यकता है।

**प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री से नशा को मिल रहा बढ़ावा:** भाजपा शासन में लगातार सीएम युवाओं को नशे के गर्त से बाहर लाने एवं अवैध व्यापार को जड़ मूल से खत्म करने की बात करते हैं किन्तु जिले के चिकित्सकीय अमला, जिला आबकारी विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग पूरी तरह से अपने ऑखों पर पट्टी बांधे हुए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आईजे गुप्ता अपने एसी वाले कमरे से निकल कर जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने से हमेशा परहेज करते आए हैं वहीं ड्रग्स इंस्पेक्टर रीवा में बैठ कर कागजो में जिले के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय एवं आंचलिक स्तर पर कई मेडिकल स्टोर संचालक पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हैं। जिसके चलते जिन दवाओं को शेड्यूल एच.1 में शामिल कर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचने पर प्रतिबंध लगाया है। वे शहर में खुलेआम बिक रही हैं। जिनका उपयोग नशेडी करते हैं, और नशे के व्यापार को गति मिल रही है।

**बिना डॉक्टर के प्रिस्ि प्शन के बिक रही दवायें:** जिले के कई मेडिकल स्टोरों पर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ही प्रतिबंधित दवाएं आसानी से मिल रही हैं। इन दवाओं के संबंध में डॉक्टर अजय प्रजापति ने बताया कि अवसाद, तनाव न अन्य मानसिक रोगों के उपचार में काम आने वाली दवाएं लोग नशे के लिए बिना डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ही लेना शुरू कर देते हैं। इसी तरह सिप्रोफ्लाक्सिन जैसी एंटीबायोटिक दवाएं भी लोग बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ले लेते हैं, जिसके साइड इफैक्ट्स भी हो सकते हैं। नियमों की बात करें तो मेडिकल स्टोर संचालक को इन दवाओं का रिकॉर्ड रखना होगा। इन प्रतिबंधित दवाओं को बेचने के लिए दवा विर ेताओं को एक रजिस्टर मेंटेन करना होगा। इसमें तारीख, मरीज का नाम, डॉक्टर का नाम, बैच नंबर, पर्चे की फोटो कापी तथा मोबाइल नंबर का रिकार्ड रखना होगा। यही नहीं इस रिकॉर्ड को जॉच कर्ता अधिकारी को जॉच के दौरान दिखाना भी पड़ता है, ऐसे में इन्हे संभालकर रखना अनिवार्य है।

**क्या है शेड्यूल एच.1:**जिन दवाओं के लगातार सेवन से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म होने लगती है, इन दवाओं की लिस्टिंग करवाकर इन्हे विभिन्न शेड्यूल में शामिल कर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचने पर समय.समय पर प्रतिबंध लगाती है।

## मनोज चौहान बने एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के प्रभारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कांग्रेस पार्टी के मनोज चौहान को हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से राष्ट्रीय सचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी का पद सौंपा गया है। इसके साथ.साथ उन्हें हरियाणा का प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है।

मनोज चौहान ने अपनी इस नियुक्ति पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरग, पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, नेता विपक्ष राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## बस माफिया की मनमानी पर लगे विराम



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कामरेड आनंद पांडेय, सदस्य राज्य परिषद भोपाल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में राज्य परिवहन सेवा फ्रि से प्रारंभ करने पर विचार करना प्रारंभ किया है जो एक स्वागत योग्य कदम है और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी सरकार को इसके लिए साधुवाद देते हुए इस पर शीघ्र अमल करने की मांग करती है ताकि जल्द से जल्द प्रदेश की जनता खास तौर पर ग्रामीण मार्गो और छोटे शहर कस्बों की जनता को सुलभ सस्ते और सुरक्षित यातायात व्यवस्था मुहैया हो सके और प्राइवेट बस माफ्यिा की लूट.खसोट और गुंडागर्दी से छुटकारा मिल सके।

## कन्या शिक्षा परिसर में संगोष्ठी सह जागरूकता रैली आयोजित




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** आई.ई.सी. कैम्पेनिंग के तहत कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार जिले के पीवीटीजी ग्रामों में कैम्प आयोजित हो रहे हैं। आई.ई.सी. कैम्पेनिंग के सफ्ल रि यान्वयन हेतु व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, पीएमजनमन इन्टरवेंशन कार्ड, पीएमजनमन रथ तथा संगोष्ठी के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार 07 सितंबर को कन्या शिक्षा परिसर सीधी में सहायक आयुक्त डॉ. डी.के. द्विवेदी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को पीएम-जनमन की योजनाओं एवं उसके उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया गया, ताकि व्यापक रूप से इस अभियान का प्रचार-प्रसार छात्र-छात्राओं के माध्यम से भी हो सके।

सहायक आयुक्त ने बताया कि 09 विभागों की 11 योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले, यही इस योजना का मूल उद्देश्य है। विद्यालय में कई छात्रायें बैगा जनजाति की अध्ययनरत है, जिनके माध्यम से उनके अभिभावकों तक पीएम-जनमन की योजनायें पहुॅचेंगी। इसके पश्चात जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अखिलेश यादव, जनजातीय कार्य विभाग के मंडल संयोजक राजेश प्रसाद पटेल, उपयंत्री देवेन्द्र कुशवाहा, कनिष्ठ लेखा अधिकारी यू.एस.डी. दुबे, विद्यालय के शिक्षक एवं परिसर की छात्रायें उपस्थित रही।

## पीएम जनमन सेचुरेशन कैम्प का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 23 अगस्त से सीधी जिले के पीवीजीटी ग्रामों में अनवरत कैम्प लगाये जा रहे हैं। आईईसी कैम्पेनिंग के तहत पीएम जनमन इन्टरवेंशन कार्ड वितरित किये जा रहे हैं, जिसमें 9 विभागों की 11 सेवाओं के अतिरिक्त केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं को रेखांकित किया गया है।

इसके अतिरिक्त दीवार लेखन के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शुर वार को जिले के कुसमी विकास खंड के गाजर, कोटा, खोखरा, मझौली विकासखंड के सेधवा, बोदारी टोला, रामपुर नैकिन विकास खंड के कुशमहर चरकी तथा सिहावल विकास खंड के डोल में कैम्प लगाया गया, जहां पर बैगा जनजाति के लोग उपस्थित हुए।

योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार से कैम्पों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। कैम्पों में आधार आपरेटर, आशा कार्यकर्ता, सचिव/रोजगार सहायक, नोडल अधीक्षक के अतिरिक्त सिकल सेल टेस्टिंग की टीम भी उपस्थित थी।

## अजय सिंह लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत



सीधी। मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा द्वारा संघ को गतिशील बनाने हेतु कार्यालय क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी में पदस्थ अजय सिंह चैहान को आगामी अधिसूचना तक जिले में वन विभाग का विभागीय जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अजय सिंह के अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके शुभचिंतकों व संघ के सदस्यों ने बधाई दी है।

## सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं



सीधी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने समस्त लोकसभा संसदीय क्षेत्र वासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पवन पर्व लोकसभा संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन के घरों में अपार खुशियां और रिद्धि सिद्धि विनायक जी लेकर आए। यह गणेश चतुर्थी का पावन पर्व सभी के लिए कल्याणकारी हो।

# विचार

## खेलों में भारत की स्थिति इतनी खराब क्यों

पैरिस 2024 पैरालिम्पिक में अभी कुछ दिन बाकी हैं। भारत, खास तौर पर, ओलिम्पिक में हासिल की गई 71वीं रैंकिंग से बेहतर रैंकिंग की उम्मीद कर रहा है। यह आशाजनक लग रहा है। इसके पदकों की संख्या पहले से ही अधिक है। पैरा शूटर अवनी लेखरा का लगातार दूसरा स्वर्ण पदक देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन रहा है। लेकिन पैरालिम्पिक हो या ओलिम्पिक, भारत अपनी जनसांख्यिकीय ताकत के सापेक्ष वैश्विक खेल मंच पर पिछड़ जाता है। इसने 1900 से ओलिम्पिक में सिर्फ 41 पदक जीते हैं। अकेले संभावना के आधार पर दुनिया के 6 में से 1 व्यक्ति के लिए देश का हालिया प्रदर्शन शर्मनाक है। इसने इस साल ओलिम्पिक में सिर्फ 6 पदक जीते। बेशक, एथलैटिक कौशल लोगों की शक्ति से कहीं अधिक पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, अमरीका ने इस साल के ओलिम्पिक में भारत से 5 गुना अधिक एथलीट भेजे, जबकि उसकी आबादी भारत की आबादी का सिर्फ एक चौथाई है। दरअसल मुख्य चीनी अर्थशास्त्री रोरी ग्रीन ने पाया कि पैरिस खेलों में पदकों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत अंतर जी.डी.पी. के कारण था। लेकिन, भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। अगर उसके पास लोग और पैसा है, तो वह खेलों में इतना खराब क्यों है? ओलिम्पिक में सफलता जी.डी.पी. के साथ-साथ बढ़ती है क्योंकि यह खेल व्यय के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में कार्य करता है। ग्रीन ने कहा, ''पूंजी गहन खेल, जिसमें जिम्नास्टिक, तैराकी, नौकायन और गोताखोरी शामिल हैं , इस वर्ष उपलब्ध पदकों का 28 प्रतिशत हिस्सा थे।'' अमरीका, चीन और ब्रिटेन इनमें से कई में बेहतर हैं। 'आर्थिक विकास का मतलब अधिक अवकाश समय और खेल संस्कृति का निर्माण भी है।' शारीरिक मनोरंजन पर व्यय लगातार सरकारों के लिए प्राथमिकता नहीं रहा है। परिणामस्वरूप, इच्छुक एथलीटों को खराब फंडिंग और सुविधाओं, कोचिंग और उपकरणों तक पहुंच की कमी के रूप में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा है। गरीबी एक चुनौती बनी हुई है। विश्व बैंक के अनुसार, क्रय शक्ति समता के आधार पर भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद .10,000 से थोड़ा अधिक है, जो इसे ईराक और एस्वातीनी जैसे देशों से नीचे रखता है। माता-पिता और शिक्षक, स्वाभाविक रूप से, बच्चों को डाक्टर और इंजीनियर जैसे बेहतर वेतन वाले, उच्च-स्थिति वाले व्यवसायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

**ललित गर्ग**

**दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के समुख विाीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। साा पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुत की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई विाीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृा कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं।**



इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं।

दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा।

हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे। 'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त 'रेवड़ी' व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं।

फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है। ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब न्यायालय की चौखट पर यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए।

# अनपढ़ का सम्मान और पढ़े-लिखे का अपमान

कटु सत्य यह है कि स्वतंत्रता प्राप्त करने से लेकर अब तक जितने भी दलों की सरकारें आई हैं और प्रधानमंत्री बने हैं, किसी की भी पूरे मन से इस बात में रुचि नहीं रही कि भारत संपूर्ण साक्षरता का लक्ष्य हासिल कर सके। यही नहीं चाहे कोई भी विपक्षी पार्टी हो, किसी ने भी इस बात की न तो गंभीरता समझी और न ही इसके लिए ईमानदारी से प्रयास किया कि देश विश्व में अपनी वास्तविक पहचान तब ही बना सकता है जब पूरा देश शिक्षित हो। यही विडंबना है आज इसे जानना आवश्यक है। सच से सामना = हमारे देश की लगभग एक चौथाई से अधिक आबादी को पढना-लिखना नहीं आता। महिलाओं की स्थिति तो यह है कि आधी से अधिक आज भी निरक्षर हैं। यह बात गांव, देहात और दूर-दराज के क्षेत्रों में ही नहीं नगर और महानगरों में भी सच है कि बहुत बड़ी आबादी के लिए काला अक्षर भैंस बराबर है, वे मामूली हिसाब-किताब के लिए दूसरों का मुंह ताकते हैं, अपने शोषण को कृपा मानते हैं और फटकार से लेकर अपने साथ मारपीट होने तक को नसीहत समझते हैं। बिना अपनी गलती जाने अमानवीय व्यवहार झेलते हैं और अगर कहीं जुबान से चूं भी निकल गई तो कहर का सामना करते हैं। कुछ नहीं कर सकते क्योंकि कोई चाहता ही नहीं कि वे निरक्षरता की दलदल से बाहर निकलें। इसके अतिरिक्त जब स्थिति यह हो कि नेतागिरी शुरू करने से लेकर विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री तक बिना किसी प्रकार की शैक्षणिक योग्यताओं के बना जा सकता है तो फिर कौन पढने-लिखने में अपना वक्त बर्बाद करे। तुर्रा यह कि उच्च शिक्षित अधिकारी से लेकर पुलिस बल तक इनके सामने सिर झुकाए खड़े रहते हैं और इनकी हर उस आज्ञा का पालन करते नजर आते हैं जिसका न तो तर्क होता है और न ही सिर-पैर, बस हुक्म बजाना होता है। अब कोई भी नेता, चाहे किसी भी दल का हो, कभी नहीं चाहता कि उन लोगों की गरीबी दूर हो जो उनका वोट बैंक हैं, उन्हें नासमझ बनाए रखने में ही उसकी भलाई है क्योंकि उनका इस्तेमाल तोड़-फोड़, दंगा-फसाद, नारेबाजी, बेमतलब आंदोलन और अफरा-तफरी फैलाने में जो करना होता है। रैलियों में जुटाई गई भीड़ में किसी से भी पूछ लीजिए कि वे किस बात पर धरना प्रदर्शन, पोस्टरबाजी या ऐसी ही ऊल-जलूल हरकत कर रहे हैं तो अधिकांश यही कहते मिलेंगे कि नेताजी की खातिर आए हैं, पैसे भी मिलेंगे, आना-जाना, खाना-पीना सब मुफ्त और सैर-सपाटा अलग से और क्या पता कल को वे खुद इस धंधे में आ जाएं क्योंकि हींग लगे न फटकरी, रंग चोखा होने की पूरी गारंटी। पक्ष/विपक्ष की चालबाजी = चलिए एक और वास्तविकता से परिचित कराते हैं। देश के विपक्ष में बैठे नेता कहते हैं कि जिस जाति की जितनी संख्या होगी, उसकी देश के संसाधनों पर उतनी ही भागीदारी होगी। वे जानते हैं कि जिस तबके की बात कर रहे हैं वह तो अधिकतर निरक्षर है या मामूली पढ़ा-लिखा है, निर्धन और साधनहीन है, परंतु यदि उनकी चाल कामयाब हो गई तो विभिन्न जातियों के नाम पर मिले संसाधनों को स्वयं और अपने दल द्वारा भोगे जाने की पूरी छूट



मिल जाएगी। वे कभी नहीं कहते कि जातियों की संख्या के आधार पर शिक्षा सुविधाओं का बंटवारा हो, स्वास्थ्य सेवाओं का मिलना सुनिश्चित हो, व्यापार और रोजगार की नीतियां उनकी जाति की विशेषताओं और कार्यकुशलता को ध्यान में रखकर बनें और अमल में लाई जाएं। वे यह भी नहीं कहते कि इन जातियों की गरीबी और साधनों के न होने के कारण उपजी समस्याओं को समाप्त करने के लिए उनकी गणना होनी चाहिए। हंसी आती है जब कोई यह कहता है कि सरकारी पदों पर बैठे लोगों में कौन-सी जाति के कितने लोग हैं। उनकी नजर में योग्यता नहीं बल्कि अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए जातपात महत्वपूर्ण है।उदाहरण से समझिए कि जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी, बहुजन समाज या भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बनती रही हैं तो सबसे पहला काम यह होता है कि अपने परिवारों और दलों से उन लोगों को नियुक्त किया जाए जो उनके इशारों पर काम करें, पैसा जुटाएं और सरकारी खजाने में सेंध लगाने में माहिर हों। इसी तरह दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में भी कमोबेश यही स्थिति है और ये ही राज्य क्यों, सभी प्रदेशों में अलग-अलग रूपों में भाई भतीजावाद अपने चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण विशाल जनसंख्या को निरक्षर बनाए रखने की नीतियों का पालन करना है। शिक्षा सुविधाओं को इतना सीमित कर देना है कि अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली की भांति केवल सरकारी बाबू बनते रहें, उनकी बौद्धिक क्षमता, मानसिक कार्य कुशलता और शारीरिक शक्ति का उपयोग जी हुजूरी तक सीमित रहे।

बालिकाओं को आज भी पढने से रोका जाता है क्योंकि उन्हें तो सिर्फ चूल्हा-चौका करना तथा बच्चे पैदा कर और उसमें भी लड़के की परवरिश करनी है। लड़कों के मामले में बस इतना कि वे छोटी-मोटी नौकरी के लायक हो जाएं, खेतीबाड़ी या घर का काम-धंधा करने लगें, मोबाइल चला लें और इंटरनैट का इस्तेमाल कर सकें। एक तो महंगे शिक्षा संस्थान जो किसी सजी दुकान की तरह होते हैं, उनमें प्रवेश की हिम्मत जुटा पाना आसान नहीं होता। प्रतियोगी परीक्षाओं का कारोबार करने वालों की असलियत कौन नहीं जानता। नकल और रिश्वत का बोलबाला इसीलिए है कि संपूर्ण साक्षरता की कोई व्यावहारिक नीति ही नहीं है। हम जिस डैमोग्राफिक डिविडेंड की चर्चा करते हैं, क्या कभी उसकी आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के बारे में देशव्यापी सार्थक बहस छेड़ी है, कभी नहीं! -

# रायपुर से 50 किमी दूर रेत का अवैध खनन

## पनडुब्बी में मशीन लगाकर महानदी को माफिया कर रहे खाली



छत्तीसगढ़ के रायपुर में कलेक्टर के निर्देश के बावजूद खनिज विभाग और जिला प्रशासन रेत माफिया पर लगाम नहीं लगा पा रहे। दावों की पोल खोलते हुए अभनपुर के सेमरा गांव के ग्रामीणों ने ही दैनिक भास्कर को एक वीडियो भेजा है। जिसमें रेत माफिया पनडुब्बी नुमा मशीन और पोकलेन मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन करते दिख रहे हैं।

इतना ही नहीं रेत निकालने के लिए पाइपलाइन भी डाली गई। दिनदहाड़े सेमरा गांव में माफिया महानदी से अवैध उत्खनन और परिवहन भी कर रहे हैं। इसी तरह अवैध कारोबार के लिए कई जगह महानदी की धार को रोककर मशीनें लगा दी गई हैं। चंपारण और सीहोर में भी जलधारा रोककर रेत निकाली जा रही है। पिछले दिनों जिला प्रशासन और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने आरंग, नया रायपुर, मंदिर हसौद और नवापारा राजिम में रेत माफिया पर कार्रवाई करने का दावा किया था।

**छत्तीसगढ़ में 10 जून से लगी है रोक:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) कोर्ट ने महानदी में रेत उत्खनन करने के लिए किसी भी प्रकार की मशीन पर रोक लगा रखी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 जून से ही रोक लगा दी थी। यह रोक 15 अक्टूबर तक लगी है। इन सबके बाद भी रेत माफिया प्रदेश की नदियों से रेत का अवैध तरीके से उत्खनन कर रहे हैं। रेत माफिया पनडुब्बी (मशीन जिससे नदियों की तलहटी से रेत निकालती है) का इस्तेमाल कर रहे हैं।


**6-7 लाख में तैयार होती है रेत उत्खनन करने वाली पनडुब्बी:** जानकारी के मुताबिक, एक पनडुब्बी मशीन तैयार करने में 6 से 7 लाख रु की लागत आती है। पनडुब्बी में बड़े ट्रक का इंजन इस्तेमाल होता है। नदी के तलहटी से रेत खींचने 40 से 50 फीट प्लास्टिक पाइप डाली जाती है। इंजन के दूसरे सिरे पर रेत फेंकने के लिए सैकड़ों फीट लंबी पाइपलाइन लगाकर रेत घाट तक पहुंचाई जाती हैं। पाइपलाइन के नीचे लोहे की ड्रम को बांधा जाता है, जिससे रेत के वजन से पाइप नदी में न डूबे।

**अफसर बोले- जानकारी नहीं जांच कर कार्रवाई करेंगे:** सेमरी गांव में पनडुब्बी मशीन लगाकर रेत निकाले जाने की जानकारी दैनिक भास्कर की टीम ने खनिज विभाग के अधिकारियों को दी है। विभागीय अधिकारियों ने मामले में जांच कराने और संबंधित पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# अच्छा रोल मिला तो फिल्में करूंगी : हेमा मालिनी



## 12 साल बाद रायगढ़ में देंगी प्रस्तुति, कहा- दोनों बेटियां भी चक्रधर-समारोह में परफॉर्म कर चुकी हैं



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** रायगढ़ में 39वां चक्रधर समारोह का आगाज शनिवार को हो गया है। भरतनाट्यम की प्रस्तुति देने पद्मश्री हेमा मालिनी रायगढ़ पहुंची। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि, उनकी दोनों बेटियां भी चक्रधर समारोह में परफॉर्म कर चुकी हैं। वहीं फिल्मों में आने पर कहा कि, अच्छा रोल मिला तो जरूर फिल्में करूंगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस पद्मश्री हेमा मालिनी भरतनाट्यम पर आधारित नृत्य नाटिका राधा रासबिहारी की प्रस्तुति देंगी। हेमा मालिनी मथुरा से भाजपा की सांसद भी हैं। उन्होंने कहा कि, पर्यटन के हिसाब से रायगढ़ बहुत आगे बढ़ सकता है।

वहीं उन्होंने मथुरा को लेकर कहा कि, मथुरा के लिए जो वे कर रही हैं उससे वे संतुष्ट हैं। मथुरा में कॉरिडोर बन चुका है, जल्द ही मथुरा भी अयोध्या की तर्ज पर डेवलपमेंट नजर आएगा। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद अब मथुरा क्षेत्र का विकास करना प्राथमिकता है।

वृंदावन को लेकर हेमा मालिनी ने कहा कि, वहां जो भी प्रचीन चीजें हैं उसे वैसे ही रहने देना चाहिए। जो भी डेवलपमेंट है उसे बाहर करना चाहिए। इसी तरह छत्तीसगढ़ की भी उन्होंने सराहना की और कहा कि, यहां के लिए काफी फंड केंद्र सरकार अलॉट कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी किसान, महिलाओं, आदिवासियों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। हेमामालिनी ने कहा कि रायगढ़ का चक्रधर समारोह काफी विख्यात है, 12 साल पहले वे इस मंच में प्रस्तुति देने आई थीं। उस दौरान दुर्गा प्रस्तुति और इस बार राधा रासबिहारी की प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि उनकी दोनों बेटी अहाना और ईशा देओल ने भी चक्रधर समारोह के मंच पर प्रस्तुति दे चुकी हैं।

पद्मश्री हेमा मालिनी का कहना था कि उनकी मां ने शास्त्रीय नृत्य सिखाया और नृत्य से ही वे फिल्मों में आईं। बाद में यह लगने लगा कि लोग फिल्मी कलाकारों को स्टेज पर देख नहीं पाते, तो वे दर्शकों के लिए स्टेज परफॉर्मेंस में आईं। उन्होंने बताया कि आज भी अच्छी फिल्म मिले और अच्छा रोल हो तो वे फिल्म जरूर करेंगी। उनका यह भी कहना है कि अगर कोई अच्छा अवसर मिलता है तो उसे छोड़ना नहीं चाहिए।

**अब की फिल्में बच्चों के साथ बैठकर देखने की नहीं:** उनका कहना था कि चक्रधर समारोह जैसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। क्योंकि इससे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके समय की फिल्म, फिल्म हुआ करती थी, लेकिन अभी ऐसा कुछ भी नहीं है। फिल्म देखने के बाद लगता है कि आखिर ऐसे कैसे हो रहा है और अब की फिल्मों को कोई अपने बच्चों के साथ बैठकर नहीं देख सकता।

# सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने दिए 10 करोड़



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** बस्तर के डिमरापाल में बन रहे 240 सीटर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 10 करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि, इस अस्पताल के काम और यहां लोगों को मिलने वाली सुविधा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मंत्री ने अफसरों से कहा कि, आने वाले 2 महीने के अंदर काम पूरा कर और अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री जगदलपुर दौरे के दौरान डिमरापाल में निर्माणाधीन 240 सीटर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। मंत्री ने कहा कि, इसे प्रदेश का सबसे अच्छा अस्पताल बनाया जाए। अस्पताल सर्वसुविधायुक्त हो। यहां आधुनिक चिकित्सा उपकरण हो, ताकि बस्तर के लोगों को बड़े शहरों की तरह चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा सके।

उन्होंने पूरी जानकारी लेकर थर्ड फ्लोर तक निरीक्षण कर कई वार्डों के निर्माण सहित रूब्ढ़, सिटी स्कैन और ऑपरेशन कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल भवन के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी। भवन को 2 महीने में पूरे किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही हॉस्पिटल को अपग्रेड करने के लिए भी प्रस्ताव देने निर्देश दिया।

डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज और जगदलपुर में स्थित महारानी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज निरीक्षण में अस्थि वार्ड, शिशु वार्ड, नर्सिंग वार्ड, ऑपरेशन थियेटर का जायजा लिया।

महारानी अस्पताल में ओपीडी वार्ड, शिशु वार्ड और अन्नपूर्णा रसोई कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। शिशु वार्ड में बच्चों को फल का भी वितरण किए। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली भोजन की क्वालिटी को बेहतर रखने, ऑपरेशन थियेटर में आवश्यक संसाधनों के लिए प्रस्ताव देने और मरीजों के परिजनों के प्रतीक्षालय कक्ष में टीवी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही महारानी अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई घर के मॉडल को अन्य जिलों में लागू करवाने के दिए निर्देश दिए।

अस्पतालों के निरीक्षण करने के बाद उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अफसरों को निर्देश देते कहा कि, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और इलाज के लिए विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर काम करे। व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने सहित दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, कॉम्बेट दलों का बेहतर उपयोग और रेपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय रखकर मौसमी बीमारियों की रोकथाम करे।

# बार में लड़कियों को फ्री अन-लिमिटेड शराब ऑफर, देर रात कपल को फ्री एंट्री

## गृहमंत्री बोले-सख्त कार्रवाई करें, दो बार संचालकों पर एफआईआर



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तंत्रा और ओमिगोस बार संचालक ने लड़कियों-महिलाओं को अन-लिमिटेड फ्री शराब का ऑफर दिया है। कपल के लिए एंट्री भी फ्री रखी गई। युवा वर्ग को आकर्षित करने और नशे की ओर धकेलने यह ऑफर हर बुधवार की रात रखा गया है। अब सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है।

दरअसल, संचालित बार में नियमों को दरकिनार कर इस तरह के ऑफर निकाल रहे हैं। इसकी सूचना मिलने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने ओमिगोस और तंत्रा बार में दबिश दी। दोनों बार संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

**हर बुधवार को फ्री का ऑफर:** दरअसल, बुधवार 4 सितंबर को तंत्रा और ओमिगोस बार प्रबंधन ने अपने इंस्टाग्राम पर प्रमोशनल वीडियो के साथ फोटो शेयर किया था। जिसमें लड़कियों और महिलाओं के लिए हर बुधवार की रात 8 बजे से फ्री अन-लिमिटेड शॉट देने का ऑफर दिया गया।

'व्हाई नॉट वेडनसडे', 'द मिड वीक मैडनेस एडिशन' नाम के इस आयोजन के विज्ञापन में दुल्हन की तरह सजी महिला की फोटो भी लगाई गई। इस विज्ञापन में नीचे की लाइन है- ए डेडिकेटेड नाइट फॉर लेडीज लिखा गया। जिससे महिलाओं और लड़कियों फ्री शराब की लालच में बार आएं।

**परिजन भी हैरान:** इस तरह के प्रमोशनल वीडियो को देखकर स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स के पैरेंट्स भी हैरान रह गए। उनका कहना है कि, आयोजन के पीछे बार संचालकों की मंशा युवा लड़कों की संख्या बढ़ाना है। नशा करने के बाद सोचने समझने की शक्ति वैसे भी कम हो जाती है। ऐसे में इन लड़कियों के साथ पाने बड़ी संख्या में युवा पहुंचते हैं।

**हॉस्टलर्स लड़कियों को भटकने का खतरा:** इस तरह मुफ्त की शराब पीने के बाद लड़कियों को इसकी लत लगने का भी एक बड़ा खतरा है, जो उनका भविष्य और कैरियर बर्बाद कर सकता है। बिलासपुर में पिछले कुछ समय से बड़ी संख्या में लड़के- लड़कियां पढ़ने आ रहे हैं, जो हॉस्टल या रूम लेकर रहते हैं। ऐसे में लड़कियों के नशे की लत लगने की आशंका है।

**अन-लिमिटेड फ्री शराब का नया ट्रेंड:** बताया जा रहा है कि, शहर में संचालित बार में युवाओं में शराबखोरी की आदत डालने वाला ऑफर नया नहीं है। इसके पहले भी डीजे नाइट्स के बहाने युवाओं के लिए तरह-तरह के ऑफर दिए जाते रहे हैं। अब फ्री एंट्री और लड़कियों को अन-लिमिटेड शराब का नया ट्रेंड चल रहा है। आबकारी विभाग भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर:** पुलिस अफसरों ने बताया कि, बार संचालक और मैनेजमेंट ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप के माध्यम से महिलाओं के लिए पोस्टर जारी किया था। प्रतिदिन अलग-अलग प्रलोभन देकर अश्लीलता और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की जानकारी मिलने पर बार में दबिश दी गई।प्रबंधन से पूछताछ और तथ्यों के आधार पर सिविल लाइन और तारबाहर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 79, 294, (5) सूचना प्राद्योगिकी की धारा 67, स्त्री अशिष्ट रूपण अधिनियम की धारा 6 के तहत केस दर्ज की गई है। इस कार्रवाई के दौरान सीएसपी निमितेश सिंह, सिविल लाइनटीआई प्रदीप आर्य, तारबाहर टीआई गोपाल सतपथी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कोचिंग क्लास से निकलते स्टूडेंट से लूट, 2 गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** राजधानी रायपुर में कोचिंग क्लास से निकलकर घर जाते हुए एक स्टूडेंट लूट का शिकार हो गया। आरोपियों ने तेज रफ्तार स्कूटी में आकर स्टूडेंट के हाथ से मोबाइल छीन लिया और तेज रफ्तार में फरार हो गए। इस मामले में माना थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर प्रविारद्धर दर्ज कर नाबालिग समेत 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

माना थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मनोहर बरेठा ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। जिसमें उन्होंने बताया कि 4 सितंबर को कोचिंग से छुट्टी होने पर वह घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान शदाणी दरबार के पास स्कूटी में सवार दो युवक तेजी से आए। फिर मोबाइल छीन कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पूरा मामला पुलिस थाने पहुंचा।

**पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा:** इस मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के भागने के रास्ते में लगे सीसीटीवी की जांच पड़ताल की। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली दो युवक मोबाइल बेचने की फिराक में ग्राहक खोज रहे हैं। पुलिस ने आरोपी अमित शर्मा और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से लूट का मोबाइल फोन में बरामद कर लिया गया है।


**न्यायालय-जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

**प्रति,**

01 जितेन्द्र कुमार भाटिया आ. स्व. मनोहर लाल भाटिया, निवासी-एस. एम. आई. जी. 43, पारिजात कैसल, रिंग रोड नं. 01, सिविल लाईन बिलासपुर, हाल मुकाम क्वार्टर नं. 76, फ्लोरल सिटी पुराना धमतरी रोड, सेज बहार, थाना मुजराहन, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.।

02 सुदीप बड़ौढकर आ. स्व. दिलीप बड़ौढ़कर, निवासी क्वार्टर नं. डी/9, गीतांजली सिटी सरकण्डा, थाना सरकण्डा, बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.।

03 संतोष श्रीवास्तव आ. एरा.के. श्रीवास्तव, निवासी क्वार्टर नं. बी 719, रामा लाइफ सिटी, थाना सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.।

04 राजेश शर्मा आ. उमेश शर्मा, निवासी-प्रेमनगर डोमनहील, थाना चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग.।

एतद् द्वारा इस प्रकाशन ईश्तहार/नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है, कि आपके विरूद्ध आवेदक-श्री कांति मजुमदार पति श्री दुलाल कांति मजुमदार, निवासी-टीचर्स कॉलोनी डोमनहील, थाना एवं तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में प्रकरण क्रमांक-25/2024 प्रस्तुत किया गया है।

अतः आप जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर कोरिया छ.ग. के समक्ष दिनांक 30.09.2024 को 11.00 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना जवाब दावा करें। यदि पेशी तिथि दिनांक 30.09.2024 को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो, प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जाएगी।

आपके अनुपस्थिति एवं जवाबदावा प्रस्तुति के आभाव में आपके विरूद्ध उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम आदेश पारित किया जायेगा।

अतएव आज दिनांक 30.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय / आयोग के पद मुद्रा एवं मोहर द्वारा जारी किया गया।

दिनांक-30.08.2024

**(राजेन्द्र प्रधान)**

**अध्यक्ष**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग. कोरिया


# रायपुर में युवक ने पंडाल में रखी गणेश प्रतिमा तोड़ी, हिंदू संगठनों ने घेरा थाना

## बवाल के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में गणेश चतुर्थी से ठीक एक दिन पहले किसी 2 युवकों ने पंडाल में रखी गणेश प्रतिमा को तोड़ दिया। घटना के बाद हिंदू संगठनों ने आजाद चौक थाने का घेराव कर दिया। बवाल के अगले दिन शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इससे पहले स्थानीय पार्षद के साथ मिलकर देर रात लोगों ने जमकर बवाल मचाया। लोगों ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना घटी तो शहर में कर्फ्यू लगेगा और दंगे होंगे।

शुभम सारथी ने पुलिस को बताया कि आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखे नगर के पास शुक्रवार रात 10 बजे एक विशेष समुदाय के युवक ने पंडाल में रखे गणेश प्रतिमा के निचले हिस्से को तोड़ दिया। समिति के सदस्यों ने जब ऐसा करने से मना किया। तो उनसे गाली-गलौज की।

कुछ देर बहसबाजी करने के बाद युवक वहां से फरार हो गया। इसकी खबर मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय और हिंदू संगठन के लोग थाने पहुंचकर नारेबाजी और प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

इस घटना की खबर मिलते ही ASP पश्चिम दौलत राम पोर्ते, ASP अनुराग झा, CSP अमन झा समेत 4 थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त फोर्स थाने में तैनात किया गया। वहीं अगले दिन 2 आरोपियों शेख जाफर उम्र 20 साल और शेख जाकिर उम्र 30 साल को गिरफ्तार किया है।

रामकुंड इलाके के स्थानीय पार्षद दीपक जायसवाल ने कहा कि ऐसी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मामले को लेकर ASP पश्चिम दौलत राम पोर्ते ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे। हम इसकी बारीकी से जांच कर रहे है, कुछ संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

# छत्तीसगढ़ में गणेशोत्सव की धूम, सीएम हाउस में विराजे गणपति



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** शनिवार से गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई है। पंडालों और घरों में गणपति की स्थापना की हो रही है। समितियां गाजे-बाजे और तरह-तरह की झांकियों के साथ गणपति को लेकर आ रही हैं। रायपुर स्थित सीएम हाउस में विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दौरान प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित निवास कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम अरुण साव रायपुर के निवास कार्यालय में भगवान गणेश विराजित होंगे। दोपहर डिप्टी सीएम अरुण साव साथी सहकर्मियों और परिवारजनों के साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा लाने माना पहुंचे।

साव ने अपने सोशल मीडिया में लिखा 'गणपति बप्पा मोरया' आज हमारे निवास कार्यालय में विराजेंगे विघ्नहर्ता हमारे गजानन। साथी सहकर्मियों और परिवारजनों के साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा लाते हुए। आप सब भी अपने निवास/कार्यालयों में भगवान गणेश की स्थापना करें, विघ्नहर्ता सभी छत्तीसगढ़वासियों पर कृपा करेंगे।

# मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

**इंफाल ।** मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरिबाम में शनिवार को अलग-अलग दो घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब सात किलोमीटर दूर हुई। संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहते थे। दूसरी घटना इसके बाद हुई। इसमें कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इलाके में सुबह से लगातार गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। दूसरी तरफ, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में गत दिवस भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे। राज्य में तनाव को देखते हए सभी स्कूलों-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ने कानून-व्यवस्था लागू करने में सरकार की विफलता के विरोध में काम बंद करने और जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है। इंफाल में सुबह से सभी दुकानें बंद हैं। सड़कें और बाजार सुनसान पड़े हैं। मणिपुर में 1 सितंबर से अब तक 7 दिनों के भीतर हिंसा की 4 बड़ी घटनाएं हुई हैं। 7 सितंबर की घटना को छोड़ दें तो अन्य तीन घटनाओं में 3 लोगों की मौत और 12 घायल हुए हैं।



## केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर की सेवा समाप्त की

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार (7 सितंबर) को पूर्व ट्रेनी अफसर पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया। उनके खिलाफ ये एक्शन (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत लिया गया है। पूजा 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस थीं। उन्हें ष्टस्श्व-2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं। उन पर आरोप है कि उन्होंने रिजर्वेशन का फायदा उठाने के लिए सिविल सर्विस एग्जाम 2022 में शामिल होने के लिए खुद से जुड़ी गलत जानकारी दी थी। सीबीआई ने अपनी जांच में पूजा को दोषी पाया। इसके बाद 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द किया गया। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था। सिलेक्शन रद्द होने के बाद पूजा का पद छिन गया। उन पर भविष्य में यूपीएससी का कोई एग्जाम देने पर रोक है।

5 सितंबर- पूजा बोलीं- मैं एम्स में जांच कराने की तैयार पूजा खेडकर की अंतरिम जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। पूजा ने कोर्ट से कहा था कि वो अपनी विकलांगता की जांच एम्स में कराने को तैयार हैं। 4 सितंबर को दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर कहा था कि पूजा की तरफ से यूपीएससी में जमा कराए गए दो डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट में से एक फर्जी होने का शक है।

## कोर्ट बोला-क्या कोलकाता रेप-मर्डर के आरोपी को जमानत दे दें

कोलकाता। कोलकाता की सियालदह कोर्ट ने शुक्रवार (6 सितंबर) को आरजी कर रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका खारिज कर दी। उसे 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा। संजय पर ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर का आरोप है। उसे 9 अगस्त को घटना वाले दिन की गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट पामेला गुप्ता ने सुनवाई की। संजय का केस कविता सरकार लड़ रही हैं। एडवोकेट दीपक पोरिया बंगाल सरकार की तरफ से हैं। सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट गुप्ता ने कहा- क्या मुझे कोलकाता रेप-मर्डर के आरोपी को जमानत देनी चाहिए। दरअसल, शुक्रवार शाम 4.20 पर कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई। संजय की वकील कविता ने दलीलें दी। लेकिन सरकारी वकील दीपक पोरिया कोर्ट नहीं पहुंचे। जज को बताया कि वे देरी से आएंगे। कोर्ट ने करीब करीब 40 मिनट तक दीपक का इंतजार किया। मजिस्ट्रेट पामेला गुप्ता ने नाराजगी जताई और कहा कि सीबीआई का ये रवैया सुस्त और बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सीबीआई के जांच अधिकारी भी कोर्ट में गैरहाजिर रहे।

## हरियाणा में कांग्रेस की 2 लिस्ट जारी, 32 नाम

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 6 सितंबर की देर रात दो लिस्ट में 32 उम्मीदवारों का ऐलान किया। पहली लिस्ट में 31 उम्मीदवारों का ऐलान किया गया। डेढ़ घंटे बाद दूसरी लिस्ट में एक कैंडिडेट का नाम घोषित किया। पार्टी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत अपने सभी 28 सिटिंग विधायकों पर फिर से भरोसा जताया है। पहली लिस्ट में 5 महिलाओं और 3 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट मिला है। पार्टी ने पहली लिस्ट में पानीपत की इसराना सीट के मौजूदा विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि के नाम का ऐलान नहीं किया था। डेढ़ घंटे बाद उनके टिकट की घोषणा अलग से की गई। शुक्रवार दोपहर 3.13 बजे कांग्रेस में शामिल हुईं पूर्व रेसलर विनेश फोगाट को जुलाना से उम्मीदवार बनाया गया है। विनेश फोगाट का ससुराल जींद जिले के बख्ता खेड़ा गांव में है, जो जुलाना विधानसभा सीट के तहत ही आता है। ये जाट बहुल सीट है। भाजपा ने दो दिन पहले जारी अपनी पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। राज्य में 5 अक्टूबर को मतदान होगा। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। पार्टी ने श्वष्ठ जांच में फंसे 4 विधायकों को टिकट दी है। इनमें गढ़ी सांपला किलोई से भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सोनीपत से सुरेंद्र पंवार, समालखा से धर्म सिंह छौक्कर और महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह शामिल हैं। सुरेंद्र पंवार 20 जुलाई 2024 से जेल में बंद हैं। कांग्रेस ने पहली लिस्ट में जिन 3 मुस्लिम चेहरों को टिकट दी, उनमें मामन खान, मुहम्मद इलियास और आफताब अहमद शामिल हैं। इन्हें मुस्लिम बाहुल्य नूंह जिले की तीनों सीटों से उतारा। 2019 में यही तीनों विधायक बने थे। मामन खान नूंह हिंसा का भी आरोपी है। वह अभी जमानत पर है। पार्टी की पहली लिस्ट में सिर्फ एक नए चेहरे पर दाव लगाया गया। यह चेहरा है विनेश फोगाट का जो जुलाना से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने पहली लिस्ट में दो दलबदलुओं को टिकट दिए। इनमें नीलोखेड़ी (स्ष्ट) से धर्मपाल गोंदर और शाहाबाद सीट से रामकरण काला शामिल हैं। 2019 में गोंदर नीलोखेड़ी से निर्दलीय चुनाव जीते जबकि रामकरण काला जननायक जनता पाटी के टिकट पर शाहाबाद से विधायक चुने गए थे।

## वो खलनायक है हरियाणा के, विनेश फोगाट और बजरन पुनिया पर बरसे बृजभूषण शरण सिंह

**नईदिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेताओं और पहलवानों विनेश फोगाट और बजरन पुनिया को खलनायक करार दिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव से लगभग एक महीने पहले 6 सितंबर को दोनों दिग्गज पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। बृजभूषण ने कहा, कि वो खलनायक है हरियाणा के। विशेषर खिलाडइयो के। उन्होंने कहा कि बजरंग पुनिया कौन होते हैं मुझसे बात करने वाले? उन्होंने राजनीतिक फायदे के लिए अपनी पत्नी का इस्तेमाल किया। विनेश फोगाट ने एक ट्रायल में हिस्सा लेकर नियम तोड़ा। बृजभूषण ने आगे कहा कि नियम यह है कि एक खिलाड़ी एक ही दिन दो भार वर्ग में ट्रायल नहीं दे सकता। उन्होंने गलत ट्रायल देकर जूनियर पहलवानों का हक छीन लिया। उन्होंने पूरे सिस्टम को हाईजैक कर लिया। वही वजन जो उसने यहां



छुपाया था वही वजन वहां (पेरिस ओलंपिक में) उसका पतन बन गया। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों पहलवान हट जाएं तो भारत अगले ओलंपिक में कुश्ती में कम से कम पांच पदक जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर इन लोगों ने विरोध नहीं किया होता तो हम कुश्ती में पांच पदक जीत चुके होते। उन्हें एक तरफ हटने दीजिए, और मैं घोषणा करता हूं कि हम अगले ओलंपिक में पांच पदक लाएंगे। बृज भूषण ने कहा कि आज, अगर महिला एथलीट अपना सिर ऊंचा करके नहीं चल सकती हैं, तो इसका कारण बजरंग, विनेश, भूपेंदर हुड्डा और कांग्रेस पार्टी है।

पुनिया ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता, जबकि विनेश फोगाट पिछले महीने पेरिस में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान बनीं। पहलवानों ने इससे पहले शुक्रवार को भी उत्तर रेलवे में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। उनके पार्टी में शामिल होने के कुछ ही घंटों के भीतर, पहलवान विनेश फोगट को आगामी हरियाणा चुनाव के लिए जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया। वहीं, बजरंग पुनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 5 अक्टूबर को होगा और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी।

### बृजभूषण के बयान पर पुनिया का पलटवार, बोले-

## मैं लोगों की सेवा की करने के लिए राजनीति में आया


**नईदिल्ली ।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान और कांग्रेस नेता बजरंग पुनिया ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह की आलोचना की। साथ ही साथ विनेश फोगाट के चुनाव लड़ने के फैसले को भी सही ठहराया है। बजरंग पुनिया ने फोगाट के चुनाव लड़ने पर कहा कि हमने तय किया था कि हममें से केवल एक ही चुनाव लड़ेगा और वह चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं विनेश के साथ खड़ा हूं...मैं संगठन में काम करूंगा और हाईकमान द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाऊंगा। पहलवानों के पार्टी में शामिल होने के बाद कांग्रेस समर्थित विरोध प्रदर्शन के आरोपों को लेकर बजरंग पुनिया ने कहा कि हमें धरने पर क्यों बैठाया गया? वे कौन थे? कांग्रेस पार्टी का या किसी और का? उस समय हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। हमने शुरू में अपने मंच पर किसी भी राजनेता को अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि नैरेटिव सेट करना उनका काम है...ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे लगता है कि मुझे राजनीति में वही प्यार मिलेगा जो मुझे कुश्ती के जरिए मिला।% मैं लोगों की सेवा की भावना से यहां आया हूं।% मैं जमीनी स्तर पर रहकर कड़ी मेहनत करूंगा। इससे पहले भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस ने डब्ल्यूएफआई पर नियंत्रण और भारतीय जनता पार्टी पर हमले की अपनी साजिश में पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को मोहरे के तौर पर इस्तेमाल किया। ओलंपियन पहलवान फोगाट और पुनिया के कांग्रेस में शामिल होने के एक दिन बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता सिंह ने यहां कहा कि उन्होंने 2012 के डब्ल्यूएफआई चुनाव में कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा को हराया था, इसलिए वे उनसे रंजिश रखते हैं।

## शाह बोले- जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-एनसी सरकार नहीं बना सकती

जम्मू। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (7 सितंबर) को जम्मू के पलौरा में जनसभा की। विधानसभा चुनाव को लेकर शाह की यह पहली रैली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार कभी नहीं बन पाएगी। शाह ने ये भी कहा- कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन (नियंत्रण रेखा, भारत-पाकिस्तान बॉर्डर) पर फिर से ट्रेड शुरू करना चाहता है। उसका पैसा आतंकियों के मददगारों तक पहुंचेगा और इलाके में फिर से अशांति आएगी। हालांकि, भाजपा सरकार के रहते ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। गृह मंत्री बोले- जब तक जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आएगी, तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। कांग्रेस जेल में बंद पत्थरबाजों और आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों को छुड़ाना चाहती है, ताकि आतंक फिर से फैले। शाह ने कहा- नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि हम जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे?

## सुप्रीम कोर्ट रोकेगा इजरायल को हथियारों की आपूर्ति

**नईदिल्ली ।** मोदी सरकार के इजरायल को समर्थन को लेकर सियासत गर्म हो गई है। विपक्ष इजरायल पर मोदी सरकार के रुख से सहमत नहीं है और अपनी आपत्ति लगातार दर्ज करा रहा है। लेकिन अब ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में एक याचिका भी दाखिल हो गई है। देश के पूर्व राजनयिकों, नौकरशाहों ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करते हुए बड़ी मांग की है। याचिका में कोर्ट से केंद्र सरकार को ये निर्देश देने की मांग की गई है कि वो इजरायल को हथियार और अन्य सैन्य उपकरण उपलब्ध करने वाली भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करे और उन्हें नए लाइसेंस भी न दे।



याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि गाजा युद्ध के लिए इजरायल को निर्यात किए जा रहे युद्ध सामग्रियों पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया जाए। भारत को गाजा में इजरायल को युद्ध सहायता तुरंत निलंबित कर देनी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संधियों से बंधा हुआ है जो भारत को युद्ध अपराधों के दोषी राज्यों को सैन्य हथियारों की आपूर्ति नहीं करने के लिए बाध्य करता है। भारत 1948 के नरसंहार कन्वेंशन (जिस पर भारत ने हस्ताक्षर और पुष्टि की है) के तहत नरसंहार को रोकने के लिए अपनी शक्ति के भीतर सभी उपाय करने के लिए बाध्य है। नरसंहार कन्वेंशन का अनुच्छेद ढ्ढढ्ढढ्ढ नरसंहार में राज्यों की संलिप्तता को दंडनीय अपराध बनाता है। संभवत: युद्ध अपराधों के दोषी राज्यों को हथियारों की आपूर्ति न करने का दायित्व सीधे तौर पर जिनेवा कन्वेंशन के सामान्य अनुच्छेद 1 पर आधारित दायित्व है, जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर और अनुसमर्थन किया है।

## विकसित भारत के हवन में प्रत्येक व्यक्ति को देनी होगी आहुति:धनखड़

**गोरखपुर ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्ष 2047 तक ..विकसित भारत.. की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए आज कहा कि विकसित भारत के हवन में प्रत्येक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है। श्री धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक .विकसित भारत. की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील की। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रहीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में



आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। उन्होंने कई पहलुओं पर योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे यह विश्वास भी था। सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश के स्वर्णकोष पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां धारा 370 समाप्त होने के बाद दो.तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। श्री धनखड़ ने विद्यार्थियों की समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता, सफलता की शुरुआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर का डर मन से निकाल दें और डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। श्री धनखड़ ने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण अंग है। इस क्षेत्र के पहले सैनिक स्कूल का ढांचा अद्भुत है। इस शानदार सैनिक स्कूल के रूप में सीएम योगी ने जो करिश्मा किया है वह भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता है। वह आश्वस्त हैं कि यह सैनिक स्कूल योगी जी की विशिष्ट छाप का प्रतिबिंब रहेगा।

## सीबीआई की फाइनल चार्जशीट- केजरीवाल शराब नीति साजिश में शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति घोटाले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जांच एजेंसी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अपनी पांचवी और आखिरी चार्जशीट दाखिल कर दी है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने और उसे लागू करने की आपराधिक साजिश में शुरू से शामिल थे। वे पहले से ही शराब नीति के प्राइवेटाइजेशन का मन बना चुके थे। चार्जशीट के मुताबिक, मार्च 2021 में जब तत्कालीन डिप्टी ष्टरूमनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में शराब नीति तैयार की जा रही थी, तब केजरीवाल ने कहा था कि पार्टी को पैसों की जरूरत है। उन्होंने अपने करीबी और आप के मीडिया और संचार प्रभारी विजय नायर को फंड जुटाने का काम सौंपा था। केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में श्वष्ठ ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। फिर सीबीआई ने भ्रष्टाचार मामले में उन्हें तिहाड़ जेल से ही 26 जून को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को ईडी मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन भ्रष्टाचार मामले में वे जेल में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को सीबीआई केस में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर फैसले सुरक्षित रख लिया है। वहीं, उनके करीबी विजय नायर को 2 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। नायर लगभग दो साल बाद जेल से बाहर आए हैं। सीबीआई ने उन्हें नवंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था।नायर से पहले मनीष सिसोदिया को 9 अगस्त और बीआरएस नेता के कविता को 27 अगस्त को जमानत मिली थी।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज वुड कोहनी की चोट के कारण पाकिस्तान और न्यूजीलैंड श्रृंखला से बाहर



नई दिल्ली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड दाहिनी कोहनी की चोट के कारण इस साल होने वाले बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इस तरह से वह अक्टूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के सबसे तेज गेंदबाज वुड ने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपनी कोहनी में दर्द महसूस किया था जिससे उन्हें गेंदबाजी करने में परेशानी हो रही थी। इस दर्द के बावजूद वहश्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में पहले टेस्ट मैच में खेले थे। इस मैच में उनकी दाहिनी जांघ में भी चोट लग गई थी और इस कारण वह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वुड का लक्ष्य अगले साल के शुरू तक पूरी फिटनेस हासिल करना है। तब इंग्लैंड की टीम को सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलने के लिए भारत का दौरा करना है जबकि फरवरी में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्राफी खेली जाएगी।

## पाक जैसा प्रदर्शन भारत में करना चाहेंगे मिराज

ढ़ाका। पाकिस्तान के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाले बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज अब भारत के खिलाफ सीरीज में भी वैसा ही प्रदर्शन करना चाहेंगे। बांग्लादेश की टीम 19 सितंबर से भारत के खिलाफ सीरीज खेलेगी। अब देखना है कि मिराज अपने प्रदर्शन को दोहरा पाते हैं या नहीं। उनके लिए ये आसान नहीं होगा क्योंकि अभी भारतीय टीम विश्व की शीर्ष टीमों में से एक है। इसके अलावा उसे घरेलू मैदान पर 2012 के बाद से ही हार नहीं मिली है। वहीं इससे पहले टेस्ट में भारत के खिलाफ मिराज का प्रदर्शन सामान्य रहा था। टीम इंडिया के खिलाफ अब तक 5 टेस्ट में इस खिलाड़ी ने 188 रन ही बनाये हैं। इस दौरान उनका औसत 18.80 रहा है। इसके अलावा वह 45.71 के औसत से केवल 14 विकेट ही ले पाये हैं हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा।

भारतीय टीम इंडिया को 2022 में हुए एकदिवसीय में मेहदी के कारण मिली एक विकेट की हार को ध्यान में रखन होगा। तब भारत के 186 के स्कोर का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम ने एक समय 136 रनों पर ही 9 विकेट खो दिए थे पर मेहदी ने तब 38 रन बनाकर मुस्तफिजुर रहमान 10 के साथ आखिरी विकेट के लिए 51 रन जोड़कर मैच पलट दिया था।

## विनेश और बजरंग पूनिया ने छोड़ी अपनी नौकरी

नई दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट के राजनीति में अपनी जिंदगी की नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। वहीं इस बीच बड़ी जानकारी सामने आ रही है कि भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। सोसल मीडिया पोस्ट कर विनेश फोगानट ने खुद इसकी जानकारी दी है। विनेश फोगाट ने एक्स पर लेटर का फोटो शेयर किया है। इस फोटो कैप्शन में उन्होंने लिखा कि भारतीय रेलवे की सेवा मेरे जीवन का एक यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मैंने स्वंय को रेलवे सेवा से अलग करने का निर्णय लेति हुए अपना त्यागपत्र भारतीय रेलवे के समक्ष अधिकारियों को सौंप दिया है। राष्ट्र की सेवा में रेलवे द्वारा मुझे दिए गए इस अवसर के लिए मैं भारतीय रेलवे की सदैव आभारी रहूंगी। जीवन के इस मोड़ पर मैंने स्वयं को रेलवे सेवा से पृथक करने का निर्णय लेते हुए अपना त्यागपत्र भारतीय रेलवे के सक्षम अधिकारियों को सौप दिया है।

पहलवान साक्षी मलिक ने बजरंग और विनेश के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। उन्होंने कहा कि वे दोनों कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। जिस कारण दोनों ने इस्तीफा दे रहे हैं। ये उनका निजी फैसला है। हमारे आंदोलन को गलत रूप नहीं दिया जाना चाहिए। महिलाओं के लिए मेरा आंदोलन आज भी है और मैंने हमेशा कुश्ती की भलाई के लिए सोचा है।

## पूर्व क्रिकेटर अकमल ने आजम की तकनीक पर उठाये सवाल

लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम तकनीक में कमी के कारण ही लगातार असफल हो रहे है। बाबर बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में केवल 64 रन ही बना पाये। पहले टेस्ट में वह 22 रन जबकि दूसरे टेस्ट में 42 रन बना पाये। बाबर इस सीरीज में बांग्लादेशी तेज गेंदबाजों का सामना करने में पूरी तरह से विफल साबित हुए। इसी के बाद से उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठने लगे हैं। अकमल ने कहा कि बाबर पूरे समय अपने ऑफ स्टंप को लेकर आशंकित रहे हैं जिसके कारण वह रन नहीं बना पाये। वह गेंद की लाइन तक भी पहुंच पा रहे थे। यह समस्या उन्हें काफी समय से है। इसके अलावा वह अपने लेग स्टंप को भी खुला छोड़ देते हैं। इसके अलावा उनके शॉट भी सही दिशा की ओर नहीं थे। जिन गेंदों को कवर की ओर खेला जाना चाहिए, उन्हें सीधे खेलने के प्रयास वह करते दिखे। इसके साथ ही अकमल ने स्पिनरों की उपेक्षा पर भी नाराजगी जतायी।

उन्होंने कहा कि पीसीबी को यासिर शाह, नोमान अली और



## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया महारिकॉर्ड, 900 गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बनें



नई दिल्ली। पुर्तगाल के स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रचा है। वो अधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले मेल फुटबॉलर बने हैं। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ गोल दागकर ये उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली के साथ ऐतिहासिक गोल किया और पुर्गाल को 34वें मिनट में 2-0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने ये मुकाबला 2-1 से जीता। बता दें कि, रोनाल्डो ने 900वां गोल करने के बाद कहा कि, ये बहुत मायने रखता है। ये एक ऐसा मील का पत्थर था जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था। मुझे पता था कि मैं इस नंबर तक पहुंच जाउंगा, क्योंकि जैसे-जैसे मैं खेलता रहूंगा, ये स्वाभाविक रूप से होता जाएगा। ये किसी भी अन्य मील के पत्थर की तरह लगता है। लेकिन केवल मैं और मेरे आस-पास के लोग जानते हैं कि हर दिन काम करना, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से फिट रहना और 900 गोल करना कितना मुश्कि है। पांच बार बैलन डी ओर जीतने वाले रोनाल्डो ने लियोनेल मेसी को 58 गोल से पछाड़ा है। मेसी के मौजूदा समय में 842 गोल हैं। ब्राजील के दिग्गज पेले 765 गोल के साथ सूची में तीसरे नंबर पर हैं।

## टी20 में सबसे अधिक मेडन ओवर फेंकने वाले पांच गेंदबाजों में बुमराह और भुवनेश्वर भी शामिल

मुम्बई ।टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वालो शीर्ष पांच गेंदबाजों में दो भारतीय गेंदबाज भी शामिल हैं। ये हैं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार। वहीं हैरानी की बात है कि इस सूची में शीर्ष पर यूगांडा का एक गेंदबाज फ्रांको नसुबुगा है। नसुबुगा ने 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभी तक सबसे ज्यादा 17 ओवर मेडल फेंके हैं। नसुबुगा ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 57 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के बुमराह ने




70 मैचों में 12 मेडन ओवर किये हैं। इस दौरान उन्होंने 89 विकेट लिए हैं। केन्या के धीमी गति के गेंदबाज शेम ओबाडो नगोचे ने अपने करियर में 12 ओवर मेडन किये हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। नगोचे के नाम 108 विकेट हैं। वहीं भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टी20 में 10 ओवर मेडन किये हैं। उनके नाम 90 विकेट भी हैं। इसके अलावा जर्मनी के गुलाम अहमदी 10 मेडन ओवर फेंककर पांचवे स्थान पर हैं।

## नीतीश रेड्डी को ट्रोल करना पाकिस्तानी फैन को पड़ा महंगा, आर अश्विन ने लिया आड़े हाथों




नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार स्पिनर आर अश्विन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। क्रिकेट के मैदान से भले ही अश्विन दूर चल रहे हों, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वो फैंस से क्रिकेट से जुड़े हुए हैं। दलीप ट्रॉफी 2024 का आगाज 5 सितंबर को हुआ और अश्विन इस दौरान यंग टैलेंट पर नजर गड़ाए हुए हैं। मैच के दूसरे दिन आर अश्विन ने बाबा इंद्रजीत की पारी की खूब तारीफ की और इसके बाद उन्होंने इंडिया बी की ओर से खेल रहे नीतीश रेड्डी के बॉलिंग एक्शन की तारीफ में एक्स पर एक पोस्ट किया। नीतीश कुमार रेड्डी की बॉलिंग की एक छोटी सी क्लिप शेयर करते हुए अश्वि ने लिखा कि, ये एनकेआर बहुत सही लगता है। पहले तो कुछ फैंस इस गुत्थी में उल गए कि एनकेआर कौन है?

## विराट की सलाह से मिला लाभ-अनुज रावत

नई दिल्ली। यहां खेली जा रही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बल्लेबाज अनुज रावत ने इसका श्रेय विराट कोहली को दिया है। अनुज ने कहा कि विराट से मिली सलाह पर अमल करने से ही वह बेहतर प्रदर्शन कर पाये हैं। अनुज के अनुसार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के दौरान उन्हें विराट ने कहा था कि खेल में चाहे जो भी स्थिति अपनी ओर से तैयारी लगातार जारी रखो। इसी करण वह डीपीएल के आठ मैचों में 300 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। रावत ने कहा, मैंने विराट भाई से खेल के बारे में कुछ पूछा। उन्होंने मुझसे कहा, खेल में चाहे जो भी स्थिति हो, बस अपनी तैयारी लगातार जारी रखो।


इससे आपको मानसिक रूप से बल मिलेगा। ये सलाह मेरे लिए फायदेमंद रही है। इस लीग के उद्घाटन संस्करण में अनुज ने पुरानी दिल्ली 6 के खिलाफ सुजल सिंह के साथ मिलकर टी20 क्रिकेट में 241 रनों की दूसरी सबसे बड़ी शुरुआती साझेदारी बनायी थी। इस खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू सत्र शुरू होने पर ड्रेसिंग रूम का माहौल बनाए रखने की जिम्मेदारी अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगी।वरिष्ठ खिलाड़ी टीम में हल्का माहौल बनाए रखते हैं।

इससे सभी को बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलती है। अगले आईपीएल से पहले होने वाली मेगा नीलामी को लेकर अनुज ने कहा कि वे इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उन्होंने अपने खेल में कई आवश्यक बदलाव किए हैं।



## नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने गुरुवार को ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमशः 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो



स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे। हरियाणा के खिलाड़ी ने कहा है कि ओलंपिक खेलों से पहले से ही उनकी कमर की चोट उन्हें परेशान कर रही है जो 90 मीटर का आंकड़ा छूने की उनकी राह में बाधा बन रही है। चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पीटर्स ने तब 90.61 मीटर थ्रो किया था। पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा ने पिछले महीने अपनी आगे की योजना के बारे में कहा था,''सबसे पहले मुझे चिकित्सक के पास जाकर अपनी कमर को पूरी तरह से फिट बनाना है। मुझे अपनी तकनीक पर भी काम करना है जिसके बाद मैं दूर तक फेंकने की कोशिश करूंगा।'' चोपड़ा ने 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी। वह पिछले साल अमेरिका के यूजीन में खेले गए डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। डायमंड लीग के फाइनल के विजेता को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30000 अमेरिकी डॉलर और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड मिलता है। इस फाइनल के साथ ही चोपड़ा इस सत्र का समापन भी करेंगे।

# एसडीएम की पहल पर 500 एकड़ भूमि की हुई फीडिंग

### 25 वर्षों बाद अधिग्रहीत जमीनों को किया गया मध्य प्रदेश शासन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में लंबे समय से नहर, सड़क, रेलवे सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए शासन द्वारा अधिग्रहित की गई भूमियों की फीडिंग का काम ठंडे बस्ते पर पड़ा हुआ था जिस पर अब एसडीएम हुजूर वैशाली जैन की पहल से कार्य में तेजी आई है और प्रशासन ने हुजूर अनुभाग क्षेत्र की करीब 500 एकड़ भूमि को जिनका अधिग्रहण 25 वर्ष पहले किया गया था उसे मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज कर दिया है। इसके अलावा अभी अन्य ऐसी कई जमीनों को राज्य शासन के नाम पर दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है।



दरअसल हुजूर अनुभाग क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जिनमें क्योंटी, पूर्वा नहर सहित रेलवे और सड़क के कार्य के लिए शासन ने कई वर्षों पूर्व जमीनों का अधिग्रहण किया था मगर निर्माण कार्य संपन्न होने के बाद भी अब तक भूमि का नक्शा और खसरा सुधार नहीं हुआ जिस पर एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने एक्शन लेते हुए अब तक करीब 500 एकड़ भूमियों की फीडिंग राज्य शासन के नाम कर दी है।

बताया जा रहा है कि शासन के द्वारा अधिग्रहित की गई कई जमीनों का नक्शा सुधार कार्य करीब 50 वर्षों से ठंडे बस्ते पर पड़ा था तथा अधिकारियों की निगरानी ना होने के चलते नक्सा सुधार का काम नहीं हो सका जिस पर अब तमाम पुरानी फाइलों को खंगाल कर उनकी फीडिंग की जा रही है।

मुझे कई बार अधिग्रहित जमीनों में नक्शा सुधार की शिकायत मिली जिस पर देखा की कई वर्षों की पेंडेंसी अब तक बनी हुई है जिसके बाद उनका सुधार कार्य प्रारंभ करते हुए अभी 500 एकड़ की फीडिंग की गई है वहीं अन्य अधिग्रहित भूमियों की फीडिंग का कार्य चल रहा है
**वैशाली जैन,** एसडीएम हुजूर

## राज्यमंत्री बागरी ने कार्यालय में सुनी आमजनों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

## कमिश्नर 9 को करेंगे समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खाद्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में खाद्यान्न के आवंटन, उठाव तथा वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जल निगम द्वारा बैहार में शिविर लगया गया

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना के तहत प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत विकासखंड मैहर जिला मैहर के ग्राम पंचायत सेमरा के गांव बैहार में आयोजित विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को समस्त बैगा परिवार को पीने के स्त्रोत बोर और कुआ में जल का परीक्षण कर उसकी शुद्धता के लिए जरमेक्स डाला गया। पाइप लाइन की सप्लाई के लिए स्थान उपलब्ध कराने को लेकर बैगा समुदाय से सहमति ली गई। सभी को प्रशिक्षण के लिए वायल किट प्रदान किया गया। हर घर के कनेक्शन के लिए सभी के साथ मिलकर योजना बनाई गई। इसके साथ ही प्रचार रथ से योजना के प्रचार-प्रसार का आयोजन वीडियो के माध्यम से किया गया। शिविर में गांव के सभी बैगा समुदाय उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीएचई से जिला समन्वयक पुष्पेंद्र निगम, समन्वयक उमेश प्रजापति, अनुपमा सोसायटी से विनोद तिवारी प्रबंधक, जल निगम से महादेव पटेल, एसक्यूसी के अधिकारी, एल-टी के अधिकारी तथा सरपंच, सचिव उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति के आनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आनलाईन भरे जाना है। इस छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए जिनके बच्चे योग्य है वे अपने आवेदन फार्म इंटरनेट की वेवसाइट से भर सकते हैं। फार्म भरने की अंतिम तारीख 30 नवम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है।

## उपराष्ट्रपति ने आरोग्यधाम में नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन और पारिजात वृक्ष का किया रोपण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना 7 सितंबर 2024/भारत के महामहिम उप-राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के शनिवार को चित्रकूट आगमन पर दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मध्यप्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने महामहिम धनखड़ को गुलदस्ता एवं शॉल भेंटकर अभिनन्दन किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति ने आरोग्यधाम परिसर स्थित भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर नानाजी को पुष्पार्चन किया।









इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गणेश प्रतिमा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेट की गई। उसी समय संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा नानाजी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य और रानी दुर्गावती जी का साहित्य के साथ आरोग्यधाम में तैयार हर्बल उत्पादों की किट भी प्रदान की गई। उपराष्ट्रपति द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यर् म में स्मृति स्वरूप आरोग्यधाम में हर्बल गार्डन के पास अपनी सहधर्मिणी डॉ. श्रीमती सुदेश धनखड़ के साथ पारिजात के वृक्ष का रोपण भी किया गया।

इस मौके पर प्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी, उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल, समाज शिल्पी दंपत्ति प्रभारी डॉ अशोक पांडेय, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह, रिसोर्स सेन्टर प्रभारी विनीत श्रीवास्तव, आयुर्वेद शोधशाला प्रभारी डॉ मनोज त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरोग्यधाम द्वारा आजीवन स्वास्थ्य की संकल्पना पर आधारित रुरल हैल्थ को लेकर एक प्रदर्शनी आरोग्यधाम के ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शित की गई। जिसमें दादी माँ का बटुआ आकर्षक रहा। साथ ही उद्यमिता विद्यापीठ के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार सामग्री का प्रदर्शन किया गया।

**उप राष्ट्रपति के चित्रकूट पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागतः** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के सतना जिले के चित्रकूट आगमन पर मिनिस्टर इन वेटिंग राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उनकी अगवानी की। राज्यमंत्री ने पुष्प गुच्छ एवं शाल भेटकर उप राष्ट्रपति जी का मध्यप्रदेश की धरती पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उत्तरप्रदेश सरकार के श्रम मंत्री श्री अनिल राजवर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण नरेंद्र कश्यप, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, आईजी विनीत खन्ना, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने भी उप राष्ट्रपति जी का हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

**उप राष्ट्रपति को दी गई भावभीनी विदाईः** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शनिवार को चित्रकूट प्रवास पर आरोग्य धाम स्थित हेलीपैड पर सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से पहुंचे। उपराष्ट्रपति उत्तरप्रदेश के चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल होने के पश्चात पुनः सतना जिले के चित्रकूट स्थित हेलीपैड से शाम 5 बजे हेली कॉप्टर से प्रयागराज के लिए रवाना हुए। प्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उप राष्ट्रपति को भाव भीनी विदाई दी। मिनिस्टर इन वेटिंग राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा बनाई प्रतिकृति भेट की। इस अवसर पर कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, आईजी विनीत खन्ना, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## जनपद सदस्य को नोटिस, 6 वर्षों तक चुनाव लड़ने पर लग सकती है रोक

### कलेक्टर ने लिया संज्ञान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के गंगेव जनपद सदस्य को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद ना सिर्फ उनकी सदस्यता के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। बल्कि 6 वर्षों तक उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लग सकती है। मामला जनपद पंचायत गंगेव का है।

आरोप हैं कि जनपद सदस्य द्वारा कूट रचित दस्तावेज का उपयोग कर पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्माण कार्य करने का अनुबंध कर लिया गया। जबकि पंचायती राज्य एक्ट के तहत कोई भी निर्वाचित सदस्य इस तरह के अनुबंध कर काम नहीं कर सकता। मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई। जिस पर कलेक्टर ने नोटिस जारी कर



कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जनपद सदस्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अगर समय सीमा के भीतर जनपद सदस्य संतोष जनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर पाते तो नियम के मुताबिक जनपद सदस्य की सदस्यता समाप्त करने सहित 6 वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जा सकती है।

## एनएसयूआई मार्कशीट जलाकर प्रदर्शन करेगी टीआरएस कॉलेज में रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में एनएसयूआई टीआरएस कॉलेज परिसर के भीतर मार्कशीट जलाकर प्रदर्शन करेगी। छात्र संगठन ने महाविद्यालय प्रबंधन पर रिजल्ट में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जिसके लिए एनएसयूआई सोमवार को तालाबंदी कर प्रदर्शन करने वाली है। आगामी प्रदर्शन की सूचना शनिवार दोपहर दी गई है।

एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जिस तरह से लगातार टी.आर.एस. महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम बिगड़ रहा है। सभी प्रश्नों के उत्तर देकर आने वाले छात्र भी फेल कर दिए गए हैं। एम.एस.सी. मैथ फाइनल के 90% विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम लापरवाही पूर्वक



बिगाड़ दिया गया है। प्राचार्य को कई बार आवेदन देकर रिजल्ट में लापरवाही के बारे में अवगत कराया गया। दोबारा मूल्यांकन कराने के लिए निवेदन किया गया। ताकि छात्र- छात्राओं का भविष्य खराब ना हो। लेकिन अब तक कॉलेज प्रशासन ने हम छात्र-छात्राओं की बातों को जान-बूझकर नजर अंदाज किया है। इसलिए हम अगामी सोमवार को कॉलेज कैम्पस के अंदर मार्कशीट जलाकर विरोध प्रदर्शन और तालाबंदी करेंगे।

वहीं पूरे मामले में महाविद्यालय प्रबंधन किसी भी तरह की लापरवाही से इंकार कर रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य का कहना है कि रिजल्ट में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है। फिर भी छात्र- छात्राओं की समस्याओं को सुना जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन पर लगाए जा रहे अनदेखी के आरोप निराधार हैं।

## उप मुख्यमंत्री आज करेंगे सुभाष तिराहा फ्लाईओवर का लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 8 सितम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से आयोजित समारोह में सुभाष तिराहा नवीन फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में पार्षद अर्चना शिवदत्त पाण्डेय, पार्षद श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह तथा पार्षद श्रीमती विमला सतीश सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा नवीन फ्लाई ओवर का 29 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया गया है। फ्लाईओवर से सिरमौर चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सिरमौर तथा यूनिवर्सिटी मार्ग एवं बोदाबाग की ओर जाने वाले व्यक्ति सिरमौर चौराहे में प्रवेश किए बिना सीधे अपने गंतव्य की ओर निकल जाएंगे। सुभाष तिराहा फ्लाई ओवर के रूप में रीवा को विकास की एक और सौगात मिली है।

## जिले में अब तक 491.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में मानसून का जोर कमजोर हो गया है। दिन में तेज धूप के कारण तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। जिले में छुटपुट वर्षा हो रही है। जिले में 7 सितम्बर को 8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 34 मिलीमीटर वर्षा मनगवां तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 491.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख लालन सिंह ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 518.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 327.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 900 मिलीमीटर, सिरमौर में 501.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 249.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 390.2 मिलीमीटर, मनगवां में 723 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 318 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 563.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## कमिश्नर 9 सितम्बर को करेंगे खाद्य विभाग की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खाद्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में खाद्यान्न के आवंटन, उठाव तथा वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री आज सरसी आईलैण्ड में लेंगे बैठक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 8 सितम्बर को सरसी आईलैण्ड में प्रातः 8 बजे बैठक लेंगे तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास? निगम द्वारा नव निर्मित रिसोर्ट का निरीक्षण करेंगे। श्री शुक्ल प्रातः 10 बजे सरसी से रीवा रवाना होंगे तथा दोपहर 12 बजे रीवा पहुंचेंगे।

## दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से किया जाएगा। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 सितम्बर को, केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 24 सितम्बर को, शा.उ. बालक हायर सेकण्डरी त्योंथर में 25 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सिरमौर में 26 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गंगेव में 27 सितम्बर को तथा मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक रीवा में 28 सितम्बर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी शिविरों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया है तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को शिविर आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के शिविर की संपूर्ण व्यवस्था के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में 9 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## रीवा में नदी नहाने गया किशोर डूबा, तलाश में सर्चिंग जारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के बैकुंठपुर में एक 16 वर्षीय किशोर नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। नदी में डूबे किशोर की तलाश शुरू की गई। मामले की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। घटना बैकुंठपुर क्षेत्र के महाना नदी की है। जहां पटना गांव निवासी प्रीतम साकेत नदी में शनिवार को नहाने के लिए गया था। नहाते वक्त ही गहरे पानी में समा गया और नदी की गहराई में लापता हो गया। जहां सर्च ऑपरेशन चलाकर नदी में डूबे किशोर की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक रीवा के अलग-अलग इलाकों से नदी में डूबने के दर्जन भर मामले पिछले 30 दिनों के भीतर सामने आए हैं। अगस्त माह और सितंबर महीने में हुई बारिश की वजह से नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। अक्सर लोग नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में चले जाते हैं। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते। जिससे दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।